卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 72 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦19 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सिलेंडर फटने से तीन मंजिला दुकान में भड़की आग, लाखों की क्षति

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। यहां नौगांव में एक तीन मंजिला दुकान पर



भीषण आग लगने से लाखों का नुकसान पहुंचा है। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। दो सिलिंडरों के फटने से हादसा हुआ, जबकि चार सिलिंडरों को फायर सर्विस की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।मंगलवार सुबह उत्तरकाशी फायर स्टेशन बडकोट पर एमडीटी द्वारा सूचना मिली कि नौगांव बाजार में एक होटल में आग लग गई है। फायर स्टेशन बडकोट से स्टेशन (शेष पृष्ठ सात पर)

## हल्द्वानी में 26 से फिर गरजेगा पीला पंजा

### मुखानी चौराहे से कठघरिया तक हटेगा अतिक्रमण

हल्द्वानी (उद संवाददाता) । नगर निगम द्वारा आगामी 26 दिसंबर से मुखानी चौराहे से कठघरिया चौराहे तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। यह जानकारी देते हुए नगर आयुक्त ने बताया कि इस क्षेत्र के सभी भवन स्वामियों व व्यवसायियों से सरकारी भूमि पर किसी भी तरह से किए गए अतिक्रमण को स्वयं हटा लेने की अपील की गई है। उन्होंने कहा सडक, नाली, फुटपाथ से अपना सामान अतिक्रमण हटा ले। राजकीय सम्पत्तियों एंव मार्गो से अतिक्रमण हटा लें। नालियों/फुटपाथ पर बढायें गये छज्जे हटा ले।सार्वजनिक मार्ग एंव मार्गों के किनारे सरकारी भूमि पर बने खोखें, फड आदि को स्वयम हटा ले। यदि व्यवसायीं वैन्डिंग कार्ड धारी है तो ठेले पर फेरी लगाते हुए व्यवसाय करें। अपनी दुकान की छत के फंट पर स्वंय के व्यवसाय के प्रचार हेतु लगी प्रचार सामग्री के अतिरिक्त अन्य प्रचार सामग्री बोर्ड हटा ले। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मुखानी चौराहे से कठघरिया चौराहे तक पूर्व में चिन्हित एंव रोड चौडीकरण के लिये (शेष पृष्ठ सात पर)

## ‘उत्तराखंड’ में भी ‘बिग सरप्राइज’ दे सकती है ‘मोदी-शाह’ की जोड़ी

### सूबे की पांचों लोकसभा सीट पर सामने आ सकते हैं नए चेहरे, राज्य मंत्रिमंडल विस्तार में भी हो सकता है कुछ अनोखा

-अर्श-

रूद्रपुर। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों के मुख्यमंत्री चयन में पूरे देश को चौंकाने के बाद, मोदी–शाह की जोड़ी अब उत्तराखंड में भी कुछ अचरज में डालने वाला कर सकती है। मध्य प्रदेश ,राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री के रूप में सर्वथा नए एवं अनापेक्षित चेहरों को सामने लाकर मोदी शाह की जोड़ी ने जहां पूरे देश को हैरत में डाला है ,वही अपरोक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी के आम कार्यकर्ता तक भी यह संदेश पहुंचा दिया है कि वह बिना दिखावे के मनोयोग से पार्टी का काम करते रहे ,पार्टी नेतृत्व सब कुछ खुली आंख से देख रहा है और किसी को, कभी भी, कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। बहरहाल भारतीय जनता पार्टी में चल रहे नेतृत्व में पीढ़ी



परिवर्तन को धरातल में उतारने के लिए भाजपा शीर्ष नेतृत्व की जो कार्यप्रणाली है, उसके मद्देनजर अब सूबे के राजनीतिक हल्के में यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि मोदी और शाह की जोड़ी उत्तराखंड में भी कुछ चौंकाने वाला कर सकती है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि इस क्रम में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व आगामी आम चुनाव में राज्य की पांचों लोकसभा सीट पर सर्वथा नए चेहरे सामने लाकर सभी को हैरत में डाल सकता है। इसके पीछे राजनीतिक प्रेक्षकों का तर्क है कि राज्य की पांचों लोकसभा सीट की सांसदों ने अपने अब तक के समूचे कार्यकाल में ऐसा कुछ उल्लेखनीय (शेष पृष्ठ सात पर)

## ...तो क्या धामी को नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से लड़ाया जा सकता है चुनाव

### धामी को केंद्र में लेने की चर्चा ने पकड़ा जोर

रुद्रपुर। अपने निर्णयों से आश्चर्यचकित करने वाला भाजपा हाई कमान आगामी लोक सभा चुनाव में उत्तराखंड में भी सबको हैरत में डाल सकता है। उत्तराखंड की पांचो लोकसभा सीटों पर भाजपा के वर्तमान सांसदों को दरकिनार कर उनकी जगह नये चेहरों को चुनावी रण में उतारने की बात सामने आ रही है। तो वही नैनीताल लोकसभा सीट से प्रदेश के मुख्यमंत्री




पुष्कर सिंह धामी का नाम भी तेजी से सामने आ रहा है।इसके पीछे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद बताई जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कार्य प्रणाली और निर्णयों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह काफी प्रभावित हैं। श्री धामी के कार्यों की वह कई बार खुले मंच से तारीफ भी कर चुके हैं। मोदी और शाह की जोड़ी उन्हें केंद्र में लेकर उन्हें अपने साथ रखना चाहती है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि मोदी और शाह की जोड़ी धामी को लोकसभा चुनाव में मैदान में उतार (शेष पृष्ठ सात पर)

## शहद फैक्ट्री में ऊंचाई से गिरकर प्रेसमैन की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। शहद फैक्ट्री में कार्यरत प्रेसमैन की ड्यूटी के दौरान तड़के ऊंचाई से गिरकर मौत हो गई। कर्मचारियों को इसकी भनक लगने पर उनमें अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक पदारथपुर/उदयपुर थाना रेहड़ जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश निवासी ऋषिपाल सिंह 56 वर्ष पुत्र मितान सिंह अंगदपुर स्थित हनी शुगर नामक शहद



बनाने वाली फैक्ट्री में प्रेसमन के पद पर पिछले लगभग छ: वर्षों के करीब से कार्यरत है। पता चला है कि रोजाना की भांति गज सोमवार की शाम वह नाइट ड्यूटी पर कंपनी आया। यहां ड्यूटी के दौरान तड़के संतुलन बिगड़ने के कारण वह ऊंचाई से नीचे गिरकर गंभीर रूप से ललुहान हो गया। (शेष पृष्ठ 7 पर)

### नहीं थे सुरक्षा उपकरण

काशीपुर। शहद फैक्ट्री में गंभीर तरीके से घटित हादसे के बाद मृतक प्रेसमैन के घर शादी की खुशियां मातम में बदल गई। लगभग तीन माह बाद उसके एक अन्य पुत्री की शादी होने वाली थी। बताते हैं कि घटना के वक्त मृतक के शरीर पर कोई सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं पाए गए। कर्मचारियों का पारा हाई होता देख कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अमरीश कुमार अग्रवाल ने फौरन कंपनी का गेट बंद करवा दिया।

## इनोवा पुल से टकराई, दो घायल

रामनगर (उद संवाददाता)। देर रात तेज रफ्तार एक इनोवा कार पुल से टकराकर पलट गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे ग्राम वासियों ने दोनों कार सवारों को निकाल कर उपचार के लिए असपताल भेजा। दोनों कर सवार रामनगर पीरुमदारा के बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक क्यारी क्षेत्र में सोमवार रात तेज रफ्तार इनोवा कार पुल से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में दो युवक घायल हो गये। अनुमान लगाया जा रहा है कि



गाड़ी की अत्यधिक स्पीड होने के कारण यह हादसा हुआ है। गनीमत यह रही की दोनों कार सवार सुरक्षित हैं। जिनको प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## नाले में युवक का शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आज प्रात: गैस गोदाम रोड़ पर नाले में युवक का शव पाए जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को नाले से बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त की। मृतक युवक अल्मोड़ा का निवासी बताया गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाया। मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है। जानकारी के अनुसार आज प्रात: टहलते लोगों ने गैस गोदाम रोड़ पर नाले में एक युवक का शव पड़ा देखा। शव मिलने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। घटना की सूचना मिलने पर आरटीओ चौकी इंचार्ज संजीत राठौर पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नाले से बाहर निकलवाया। तलाशी लेने पर उसके पास से बरामद कागजात के आधार पर उसकी शिनाख्त भुवन चंद्र निवासी ग्राम मटेला जिला अल्मोड़ा के रूप में हुई। पुलिस को आसपास के लोगों ने बताया कि मृतक भुवन चंद्र देर शाम शराब के नशे में गैस गोदाम रोड की तरफ घूम रहा था। वहीं पास में बहते हुए एक नाले में उसका आज सुबह शव मिला हैं। आशंका जताई जा रही है कि शराब के नशे में होने के चलते वह नाले में गिर गया और उसकी मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## पिकप से चुराए सामान सहित तीन शातिर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत माह देहरादून से इलेक्ट्रिक सामान लेकर चले पिकप वाहन से यहां लाखों रुपए कीमत का सामान चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों की पुलिस ने चारी किए सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल विक्रम राठौड़ ने बताया कि 26 नवंबर को राजेन्द्र प्रसाद सेमवाल पुत्र महेशानन्द सेमवाल निवासी टर्नर रोड क्लेमन टाउन देहरादून ने खुद के ट्रांसपोर्ट उत्तरांचल रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट (शेष पृष्ठ सात पर)



# ग्रामीणों के विरोध के बाद झुका प्रशासन

भीमताल(उद संवाददाता)। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री हरीश पनेरू के नेतृत्व में सियौडा कौनता पटरानी रोड को लेकर किये जा रहे आन्दोलन के बीच सड़क मार्ग पर धरना दिया ।गाँव वालों ने कहा कि किसी हालत में अनियमितता सहन नहीं किया जायेगा ।भारी विरोध को देखते हुए प्रधानमंत्री गाँव सड़क योजना के अधिकारियों ने बात चीत शुरू करने का अनुरोध किया जिस पर सहमति बनी और विभागीय अधिकारियों ने सड़क मार्ग पर खराब माल न लगाने का आश्वासन दिया तथा तीन लेयर सड़क बनाने का आश्वासन दिया।इसके अलावा जिन किसानों की जमीन विभाग की लापरवाही के कारण कटी हैं उसका मुआवजा देने एवं सुरक्षा दीवार बनाने पर सहमति बनी सुरक्षा दीवार का निर्माण तत्काल शुरू कर दिया जायेगा। अनावश्यक रूप से रोड के सहारे पहाड़ ठेकेदार के फायदे के लिए नहीं काटा जाएगा इसके बाद गाँव वालों के साथ पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरू ,पीएमजीए सवाई की सहायक अभियंता नागेश , इंजीनियर महिला पाल सिंह अपर सहायक अभियंता इंजिनियर अमेज बोहरा ,कनिष्ठ अभियंता , ग्रामीणों के साथ पैदल चलकर रूट की खामियां अधिकारियों को दिखाई जिस पर अधिकारियों ने गलती मानते हुए भविष्य में इस तरह की गलती न होने का आश्वासन दिया। तथा सड़क निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता ईमानदारी , किसी के दबाव में काम न करने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की गई। इस अवसर पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरू नेहरू ने कहा कि तमाम गांवों के लोगों की एक निगरानी कमेटी बना दी गई है जो समय समय पर सड़क में हो रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जाने को ध्यान में रखते हुए दीवाल निर्माण आदि की देख रेख भी करेगी तथा विभाग से समय समय पर सामंजस्य बैठाएगी इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।



# खनन कार्य को निजी हाथों को देने की कोशिश में है प्रदेश सरकार : सुमित हृदयेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कांग्रेस विधायक सुमित हृदयदेश ने पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए बताया कि आज जिस प्रकार से खनन कारोबारी पर भाजपा सरकार अत्याचार कर रही है और जिस प्रकार से खनन व्यापारियों के रजिस्ट्रेशन और अन्य कागजी कार्रवाई के नाम पर खनन कारोबारी को भी निजी हाथों में देने की तैयारी कर रही है। जिसके चलते वह खनन व्यापारी और किसान पर अत्याचार कर रहे है। क्योंकि गोला नदी के अंदर से लाखों का राजस्व सरकार को मिलता है और कितने परिवार इस खनन से पलते हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में पूरे उत्तराखंड के अंदर अपराधियों का बोलबाला है। जिस प्रकार से कल्याण पुनर्वास केंद्र के अंदर एक नाबालिक के साथ दुराचार किया गया और अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया। यह बात कांग्रेस कभी भी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर खनन को निजी हाथों में दिया गया तो कांग्रेस सड़क से लेकर हंगामा करेगी।



# आयुष्मान एवं आधार कार्ड बनाने के लिए लगाया शिविर

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड नं. 10 आजाद नगर , पुनियानी गली में स्वास्थ्य टीम द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी कार्ड बनाने का शिविर आयोजित किया गया। सोमवार को आयोजित शिविर का शुभारंभ पूर्व सभासद संजीव झाम द्वारा किया गया। शिविर में करीब पांच दर्जन से अधिक कार्ड बनाए गए। इस दौरान टीम ने बताया कि प्रत्येक आयुष्मान कार्डधारक परिवारों को शासकीय और अधिकृत प्राइवेट अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है। इलाज के दौरान होने वाले खर्च का वहन सरकार द्वारा किया जाता है। इलाज की सुविधा प्राप्त करने के लिए प्रत्येक राशनकार्ड धारक परिवारों को आयुष्मान कार्ड बनवाने की सलाह दी।इस दौरान पूर्व सभासद संजीव झाम ने लोगो को आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी कार्ड बनवाने का आव्हान किया। इस मौके पर स्वास्थ विभाग से ए.एन.एम. सीमा शाह, वार्ड की आशा सुमन चतुर्वेदी, सी.एस.सी. सेंटर के विशाल व प्रिया,पूर्व सभासद विकास तनेजा, नत्थूलाल पाल,अशोक ढींगरा, राहुल कुमार, संजीव कुमार, तब्बन अली, बरीत ढींगरा,प्रमोद चावला, इमामी अली,रिजवान अख्तर,सरोज रानी, प्रियंका बजाज,चारु चावला, आकांक्षा अरोड़ा,सरिता,वर्षा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



# उत्तराखंड को मिला सर्वश्रेष्ठ साहसिक पर्यटन राज्य का पुरस्कार

देहरादून(उद संवाददाता)। गुजरात के केवड़िया में एटीओएआइ (एडवेंचर टूर आपरेटर्स एसोसिएशन आफ इंडिया) की ओर से आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में उत्तराखंड को भारत का सर्वश्रेष्ठ साहसिक पर्यटन राज्य का पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर रहे पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे और साहसिक पर्यटन के एसीईओ कर्नल अश्विनी पुंडीर ने प्राप्त किया है। इस अवसर सचिव कुर्वे ने कहा कि यह पुरस्कार राज्य में साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में संचालित राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग सहित विभिन्न गतिविधियों के लिए दिया गया है।कहा कि उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से किए जा रहे विभिन्न प्रयासों का ये पुरस्कार प्रतिफल है। पिछले लगभग एक वर्ष से अधिक समय में यूटीडीबी ने राज्य को देश में अग्रणी साहसिक पर्यटन राज्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग की ओर से उठाए गए कुछ कदमों में गंगा के अलावा अन्य नदियों जैसे कि शारदा, अलकनंदा, टोंस और भागीरथी आदि में कयाकिंग और राफ्टिंग जैसी जल गतिविधियों के लिए आपरेटर शुल्क में छूट शामिल हैं। जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। राज्य के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने इस उपलब्धि के लिए विभाग को बधाई दी है।

# सीएम ने किया अल्पसंख्यक आयोग की विकास पुस्तिका का विमोचन





देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर हिमालयन सांस्कृतिक केन्द्र गढ़ी कैंट में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की पुस्तिका का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक समुदाय के सभी लोगों को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन भारत वर्ष की एकता और अखंडता के संरक्षण व संवर्धन हेतु हमारे मौलिक कर्तव्यों को याद करने का दिन है। अनेकता में एकता का यही भाव देश को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की संस्कृति तथा सामर्थ्य का विस्तार संपूर्ण विश्व में हो रहा है। उनके द्वारा दिए गए मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास द्वारा नए भारत में हर वर्ग के सशक्तिकरण का प्रयास है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना की जागृति का केंद्र रहा है। राज्य सरकार हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व बढ़ाए जाने एवं अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किए जाने हेतु ''मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना'' प्रारम्भ की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय के परिवारों की मेधावी छात्राओं की शिक्षा हेतु विशेष अनुदान भी दिया जा रहा है। सरकार ने अल्पसंख्यक क्षेत्रों में मांग के अनुसार आर्थिक व शैक्षणिक विकास के लिए अल्पसंख्यक विकास निधि की स्थापना की है, जिसके तहत अभी तक घ18 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, हर घर नल से जल, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालयों का निर्माण, आवास योजना सहित अनेक प्रकार की योजनाओं के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार ने जन समस्याओं के समाधान के लिए कार्य किए हैं। इस अवसर पर उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष श्री आर.के. जैन, उपाध्यक्ष सरदार इकबाल सिंह, श्री मजहर नईम उत्तराखण्ड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष श्री शादाब शम्स, मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी, डीजीपी श्री अभिनव कुमार उपस्थित थे।

# सभी धर्मों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है भाजपा: पाण्डेय

गदरपुर(उद संवाददाता)। ग्राम पंचायत मसीत विकासखंड गदरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके संयोजक मंडी समिति के वर्तमान अध्यक्ष सुभाष गुम्बर ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री तथा विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मात्र एक ऐसी पार्टी है जो सभी धर्म को सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली है। 2014 से लेकर आज तक सभी धर्म को साथ लेकर बिना भेदभाव के



साथ काम किया और यह साबित किया कि भारतीय जनता पार्टी बिना भेदभाव के काम करती है वहीं विशिष्ठ अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा इंतजार हुसैन ने कहा कि आने वाले 2024 के चुनाव में अल्पसंख्यक समाज द्वारा भारतीय जनता पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की जरूरत है। इस मौके पर लोगों को ड्रोन उड़ाकर भी दिखाया गया एवं उस विषय पर ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर यात्रा के नोडल अधिकारी राजेश सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी, सहायक नोडल अधिकारी हरिश्चंद्र पूर्ति निरीक्षक, ग्राम पंचायत निमित्त अधिकारी सखावत शाह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सीटों के आरक्षण पर टिकी संभावित दावेदारों की नजर

**पालिकाध्यक्ष पद को लेकर कई चेहरे तैयारी में जुटे**
**सीट सामान्य होने पर भाजपा व कांग्रेस में मचेगी होड़**

**-कैलाश पंडित-**

किच्छा। आगामी लोकसभा चुनाव के परिदृश्य को देखते हुए उत्तराखंड सरकार द्वारा जातीय गणना में ओबीसी डाटा चुनाव आयोग को सौंपने की जो कार्यवाही की गई है, उससे स्थानीय निकायों के चुनाव की तैयारी कर रहे प्रत्याशियों में उत्साह है। जातीय गणना के आंकड़ों को देखते हुए भाजपा कांग्रेस के कार्यकर्ता अपनी-अपनी गोटियां बिछाने की तैयारी करने लग गए हैं। लोकसभा चुनाव के प्रति उतना उत्साह नजर नहीं आ रहा है जितना की स्थानीय निकायों को लेकर दोनों ही राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रमों में लग गए हैं। लोकसभा चुनाव का बहाना करते हुए पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने अंक बनाने की जुगत में लगे हुए हैं। यह कहावत चरितार्थ हो रही है कि कहीं पर निगाहें कहीं पर निशाना। किच्छा विधानसभा की बात करें तो इसके अंतर्गत कई नगर पालिकाएं पंचायतें आ रही हैं जिसकी तैयारी के लिए जाति गणना का आंकड़ा उत्तराखंड सरकार द्वारा चुनाव आयोग को भेज दिया गया है। किच्छा नगर पालिका की बात करें तो यह नगर पालिका भाजपा और कांग्रेस के लिए एक अहम नगर पालिका बनी हुई है। यहां से विधायक तिलक राज बेहड़ की मौजूदगी स्थानीय नगर पालिका को विशेष बनाए हुई है। किच्छा नगर पालिका परिषद पर अध्यक्ष की दावेदारी को लेकर जहां जातीय गणनाएं विषेश हो गई है वही भाजपा और कांग्रेस के लिए भी टेड़ी खीर हो गई है। अगर जातीय गणना पर नजर डालें तो सामान्य स्थिति होने पर भाजपा और कांग्रेस के लिए प्रत्याशियों का चयन करना सिर दर्द बनकर रह जाएगा तथा दोनों पार्टियों में विघटन की स्थिति अवश्य बनेगी। वहीं हाल ओबीसी के परिदृश्य में भी उभर कर आ रहे हैं। एस सी सीट होने पर दोनों ही पार्टियों की सिरदर्दी नहीं के बराबर रहती है। किंतु अभी तक चर्चाओं की मानें तो सीट सामान्य या ओबीसी की कैटेगरी में जा सकती है। ऐसे परिदृश्य में भाजपा कांग्रेस के लिए प्रत्याशियों का चयन करना खासा सिर दर्द बन सकता है। क्योंकि सामान्य स्थिति में एस सी ओबीसी कैंडिडेट भी अपना दावा पार्टी के सामने पेश करते हैं तो दावेदारों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो जाती है। जहां सामान्य श्रेणी का प्रत्याशी टिकट प्राप्त करने के लिए शाम दाम दंड भेद अपनाता है वही ओबीसी एससी का प्रत्याशी सामान्य स्थिति में भी अपने हक की मांग पार्टी नियमावली के अंतर्गत कर देता है। इस परिदृश्य में दोनों ही दलों को पार्टी विघटन को रोकना टेढ़ा साबित हो जाता है। बहरहाल अभी जाति जनगणना के आंकड़े सरकार द्वारा सार्वजनिक नहीं किए गए हैं परंतु सामान्य एवं ओबीसी एससी के दावेदार अपनी-अपनी गोटिया बैठने में लग गए हैं। क्रमशः

# गुरूद्वारा में पाठों की लड़ी शुरू

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा गोल मार्केट रुद्रपुर की स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परमजीत कौर पम्मी ने बताया कि शहीदी पर्व को समर्पित चौपाई साहब के पाठों की लड़ी 17 दिसम्बर से शुरू हो हो चुकी है। 25 दिसम्बर से प्रभात फेरियां भी शुरू होंगी। उन्होंने संगत से इन सभी प्रोग्रामों में शामिल होकर गुरुघर की खुशियाँ प्राप्त करने की अपील की है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## अयोध्या में अतिथि गृह बनाने के लिए मांगी भूमि



देहरादून। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में उत्तराखंड का राज्य अतिथि गृह बनाया जाएगा। इस अतिथि गृह के लिए राज्य की टीम ने प्रस्तावित जगह का निरीक्षण कर लिया है। इसके साइट प्लान को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस भवन के लिए राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश से 4000 वर्ग मीटर भूमि देने का अनुरोध किया है। श्री राम जन्मभूमि में श्री राम मंदिर का जल्द ही विधिवत उद्घाटन होने जा रहा है। यहां जाने वाले प्रदेशवासियों के लिए प्रदेश सरकार ने राज्य अतिथि गृह बनाने का निर्णय लिया है। राज्य अतिथि गृह के लिए प्रस्तावित भूमि श्रीराम मंदिर स्थल से लगभग साढ़े छह किलोमीटर की दूरी पर है। प्रदेश के अधिकारियों की एक टीम ने इस जगह का भ्रमण भी किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहले ही कह चुके हैं कि यहां एक विशाल अतिथि गृह बनाया जाएगा, जिससे रामलला के दर्शन करने आने वाले प्रदेशवासियों को ठहरने में कोई परेशानी न हो। इस जगह का निरीक्षण करने गई टीम ने मुख्यमंत्री को निरीक्षण आख्या के साथ के साइट प्लान भी सौंपा है, जिसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। सचिव राज्य संपत्ति वीके सुमन ने बताया कि अभी उत्तर प्रदेश सरकार को भूमि का आवंटन करना है। प्रस्तावित स्थल पर टीम निरीक्षण कर आ चुकी है।

किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# समाजसेवी मनमोहन सिंह ने निगम को फिर दिखाया आईना

### शहर के मार्गों पर निजी खर्च से क्षतिग्रस्त डिवाइडरों का निर्माण करवाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के पर्यावरण प्रेमी एवं समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह ने क्षतिग्रस्त डिवाइडरों को फिर से दुरूस्त करवाकर नगर निगम प्रशासन को एक बार फिर आईना दिखाया है। बता दें समाजसेवी डा. मनमोहन सिंह विगत करीब 12 वर्षों से शहर में पर्यावरण संरक्षण के लिए के लिए काम कर रहे हैं। अब तक हजारों पौधे वितरित करने के साथ ही वह शहर के एक बड़ा इलाके को हरा भरा करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। शहर के विभिन्न मार्गों पर नजर आ रही हरियाली डा. मनमोहन सिंह के प्रयासों की ही देन हैं। बिना किसी सरकारी मदद और किसी से सहयोग राशि लिये बिना डा. मनमोहन सिंह अपने निजी खर्च पर शहर में पर्यावरण संरक्षण की मुहिम चला रहे हैं। इस काम में हर माह वह करीब पचास हजार रूपये व्यय करते हैं। पिछले दिनों आस्ट्रेलिया प्रवास पर रहने के दौरान डा. मनमोहन सिंह खुद के लगाये गये पौधों की देख रेख की व्यवस्था भी कर गये लेकिन इसके बावजूद उनके द्वारा डिवाइडरों पर लगाये गये कई पौधे क्षतिग्रस्त हो गये। डिवाइडरों पर उनके द्वारा पौधे लगाने के लिए रखे गये कई ड्रम क्षतिग्रस्त हो गये लेकिन इन्हें दुरूस्त करने की जहमत न तो नगर निगम प्रशासन ने उठाई और न ही कोई सामाजिक संस्था इसके लिए आगे आई। आस्ट्रेलिया से लौटने के बाद कई पेड़ पौधों की दुर्दशा देखकर डा. मनमोहन सिंह व्यथित हो उठे। उन्होंने अब इन्हें फिर से दुरूस्त कराकर नगर निगम प्रशासन को आईना दिखाया है। डा. मनमोहन सिंह ने बताया कि जब वह आस्ट्रेलिया से वापस लौटे तो डिवाइडरों से कई ड्रम गायब मिले। डिवाइडरो पर बने गमले जगह जगह गाडियों से तहस नहस कर दिये गये थे। इनका अब पुन: निर्माण कराकर पेड़ पौधों में वर्मी कंपोस्ट व खाद भी डाली जा रही है। डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि यदि शासन-प्रशासन व समाज का ऐसा ही रवैया रहा तो उन्हें भी एक दिन हथियार डालने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण सबसे बड़ी जरूरत है। क्यों कि इसके बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। व्यक्तिगत महात्वाकांक्षा से परे हटकर इस क्षेत्र में काम करना होगा वरना आने वाली पीढ़ियों का जीना दुश्वार हो जायेगा। डा. मनमोहन सिंह ने कहा कि हमारे देश की आबादी दुनियां की सोलह प्रतिशत है पर उपलब्ध पानी मात्र चार प्रतिशत से भी कम है ।देश के ग्लेशियर लगातार





प्रतिवर्ष पिघलने की कगार पर हैं जिससे आगामी कुछ वर्षों बाद हम खाने के लिए नहीं पानी के लिए तरसने को मजबूर हो जायेंगे ।दुनियां के अनेक शोधकर्ता हमें समय समय पर चेताते रहते हैं ,फिर भी हम अनभिज्ञ बने हुए हैं।

## राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बाजपुर( उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में महाविद्यालय की कार्यक्रम समिति द्वारा स्वीप योजनान्तर्गत निर्वाचक साक्षरता क्लब द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय के निकटवर्ती ग्राम रानी नांगल में मतदाता जागरुकता रैली निकालकर किया गया। रैली में महाविद्यालय के छात्र-छात्रा मतदाता जागरुकता से सम्बन्धित बैनर पोस्टर लिये नारे लगा रहे थे। महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार जोशी ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को भारत सरकार द्वारा संचालित स्वीप कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था में प्रत्येक मतदाता की अहम भूमिका है तथा हम सभी का प्रथम दायित्व है कि हम अपने समाज में ऐसी समझ को विकसित करें कि ज्यादा से ज्यादा लोग निर्वाचन प्रक्रिया में हिस्सा लें और नैतिक तरीके से मतदान करें उन्होंने सभी से 'हर वोट महत्वपूर्ण है' और 'कोई मतदाता न छूटे' सिद्धान्त का पालन करने का आह्वान




किया। सहायक नोडल अधिकारी स्वीप डॉ0 वन्दना ने विद्यार्थियों को मतदाता पहचान पत्र की त्रुटियों में संसोधन आदि की जानकारी दी। समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका डॉ0 दर्शना पन्त ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि एक अच्छे नागरिक होने के नाते वे समाज में मतदाता जागरुकता फैलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक रोहित कुमार ने विद्यार्थियों को ई.वी.एम. की विस्तार से जानकारी दी और उपस्थित विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। छात्रा कैम्पस एम्बेसडर पूजा जोशी ने आगामी चुनावों में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आस-पास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने हेतु प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त छात्र कैम्पस ऐम्बेसडर मोन्टी सागर, कु0 पायल बिष्ट, नियति जीना, सपना, दीपा सागर, सलोनी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी के उपरान्त चुनाव सुधार, मतदाता शिक्षा और चुनावी साक्षरता से सम्बन्धित एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न कक्षाओं के 41 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम स्वीप के आगामी कार्यक्रम के दिवस में घोषित किए जाएंगे। सहायक नोडल अधिकारी स्वीप डॉ0 वन्दना द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापक कर्मचारी एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## प्रदेश में बढ़ रहा ठंड का प्रकोप

देहरादून। उत्तराखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम शुष्क है, लेकिन पाला और कोहरा परेशानियां बढ़ा रहा है। देहरादून समेत ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस तक नीचे पहुंच गया है। वहीं, अधिकतम तापमान भी सामान्य के आसपास बना हुआ है। देहरादून समेत प्रदेश के तमाम क्षेत्रों में ठंड बढ़ती जा रही है। सुबह-शाम हाड कंपाने वाली सर्दी पड़ने लगी है। हालांकि, दिन में चटख धूख खिलने से कुछ राहत है। दून में न्यूनतम पारा छह डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। साथ ही ज्यादातर इलाकों में पाला और कोहरा दुश्वारियां बढ़ा रहा है। फिलहाल प्रदेश में मौसम शुष्क बने रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार को पहाड़ों में पाला और मैदानी क्षेत्रों में कोहरा छाया रह सकता है। इसे लेकर चेतावनी जारी की गई है। उत्तराखंड में मौसम शुष्क है, लेकिन पाला और कोहरा परेशानी बढ़ा रहा है। पहाड़ से लेकर मैदान तक कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। देहरादून समेत ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस तक नीचे पहुंच गया है। वहीं, अधिकतम तापमान भी सामान्य के आसपास बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, अगले कुछ दिन प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में अत्यधिक पाला पड़ने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मैदानी क्षेत्रों खासकर ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार में मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। मैदानी क्षेत्रों खासकर ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार में मध्यम कोहरे की समस्या बनी रहेगी। उत्तराखंड में कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। आलम ये है कि अब नदी नाले और झरने जमने लगे हैं। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में अब पूर्ण रूप से झरने जम गए हैं। इस कड़ाके की ठंड से अब लोगों को परेशानी भी होने लगी है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जनता इंटर कॉलेज में 2023 में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। ज्ञातव्य है वर्ष 2023 में विद्यालय का हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा पर सर्वश्रेष्ठ रहा। हाई स्कूल बालक एवं बालिका वर्ग ,इंटर कला वर्ग, इण्टर बालिका विज्ञान वर्ग, इण्टर वाणिज्य वर्ग कक्षाओं का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा । विद्यालय के 6 छात्रों ने प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। 147 छात्र छात्राएं ऑनर्स उत्तीर्ण हुए। 371 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक पवन अग्रवाल एवं प्रबन्ध समिति के सदस्यों द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय के ऑनर्स छात्रों और प्रदेश सूची में प्रथम स्थान प्राप्त प्रदेश स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मोमेंटो प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्य की मेरिट सूची में स्थान पाने वाले विद्यालय के 6 छात्र-छात्राओं में श्रीयशी पाण्डेय ,विशाल रस्तोगी ,मोहम्मद जैद, मयंक, आकाश सरकार और मोहम्मद अनस रहे। जिनको आज विद्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र मोमेंटो एवं नगद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश अरोरा और समस्त विद्यालय स्टॉफ को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक पवन अग्रवाल ने सभी गुरुजनों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के प्रधानाचार्य के निर्देशन में विद्यालय के परीक्षाफल में गुणोत्तर वृद्धि हो रही है यह विद्यालय के लिए एक गौरव की बात है। इस अवसर पर विद्यालय की बालिका वर्ग द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। छात्रों ने सरस्वती वंदना, गिद्दा, राम कथा और अन्य मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। राम कथा विशेष आकर्षण का विषय रहा और सभी ने करतल ध्वनि से छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर सतीश अरोरा ने सभी सफल सम्मानित हुए छात्र छात्राओं और अध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथी आने वाले बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने छात्रों से कहा कि वह इन छात्रों से प्रेरणा लेकर अपना मुकाम हासिल करेंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य सुभाष खंडेलवाल ओमप्रकाश अरोरा ,विजय जग्गा जी, केलाश अग्रवाल, बलदेव राज खेडा, एंव विद्यालय के अध्यापक संजय आर्य, महेंद्र कुमार, अर्जुन सिंह, पंकज, मनोज जौहरी, मनोज सिंह हेमचन्द पन्त अमित भारती ,अनिल कन्नौजिया, विजय त्रिवेदी, अनिल गंगवार अमित कपूर, सुरेश गुप्ता, वीरेंद्र जोशी विजेंद्र कुमार, तजेन्दर सिंह, संजीत कुमार, देवरथ वर्मा, निधि, मानसिंह, सत्येंद्र कुमार, देवेंद्र पटेल, गोविंद मजूमदार आदि अध्यापकगण एवं छात्र छात्रायें उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन मनोज जौहरी, रचना नेगी, अनिल गंगवार ,वीरेंद्र जोशी, चम्पा महतोलिया ने संयुक्त रूप से किया।

## कांग्रेस महानगर कार्यकारिणी का विस्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने महानगर कांग्रेस कमेटी का विस्तार करते हुए महानगर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। उन्होंने बताया कि नई कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष, 9 महामंत्री/महासचिव, 24 सचिव सहित कोषाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी के नामों की घोषणा की।विधायक सुमित हृदयेश ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुवे सभी को उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। महानगर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर गिरीश तिवाड़ी, हरीश लाल वैध, आलोक शर्मा, मधुकर बनोला, मुर्तजा अली, विनोद कुमार (पिंनु), हाजी मोहम्मद नबी, श्रीमती हेमा पंत,त्रिलोचन मेलकानी, महासचिव/ महामंत्री पद पर कमलेश पांडे, राजू रावत, अनिल कन्नौजिया, भुवन आर्य, कौशलेंद्र भट्ट, अमित रावत, श्रीमती पुष्पा मेहता, श्रीमती चंपा चिलवाल, हाजी इस्लामुद्दीन, सचिव पद पर मनोहर सांगूड़ी, मोहम्मद शाहरुख वारसी, पूरन सिंह बिष्ट, नीरज नेगी, मोहम्मद अरमान खान, मोहम्मद जुबैर, बबलू बिष्ट, बृजेश कुमार, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, हाजी शाद अली, हेमन्त पंत, गजेंद्र सिंह सम्मल, जमील कुरैशी, धर्मवीर, तसकीन अहमद, प्रदीप सिंह बिष्ट, दानिश हुसैन, श्रीमती दीपा टम्टा, जया पाठक, कोमल जायसवाल, हेमन्त जोशी, प्रदीप सिंह बिष्ट, मनोज बोरा, कोषाध्यक्ष पद पर कृष्णा कुमार परगाई तथा मीडिया प्रभारी आशीष कुड़ई को मनोनीत किया।

# पुलिस खेल प्रतियोगिताओं में 40वीं वाहिनी का दबदबा

हरिद्वार (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय/वाहिनी पुलिस एथलेटिक्स/ खो-खो/ साईकिलिंग का 40वीं वाहिनी पी0ए0सी0 हरिद्वार में प्रतियोगिता में प्रथम बार 'मास्टर्स पुलिस इवेंट' को शामिल किया गया जिसमें 50 से 60 आयु वर्ग के अधिकारी/कर्मचारियों (महिला एवं पुरूषों) द्वारा प्रतिभाग किया गया। पुरूषों की प्रथम मास्टर्स पुलिस इवेंट 100 मीटर दौड़ मे प्रथम स्थान एएसआई प्रेम प्रकाश पुरोहित जनपद चमोली, द्वितीय स्थान आरक्षी चालक दिनेश चन्द्र भट्ट जनपद हरिद्वार एवं तृतीय स्थान शिविरपाल राजपाल सिंह रावत 40वीं वाहिनी पी0ए0सी0 हरिद्वार द्वारा प्राप्त किया गया। महिलाओं की प्रथम मास्टर्स पुलिस इवेंट 100 मीटर दौड़ मे प्रथम स्थान आनन्दी सती सशस्त्र प्रशिक्षण केन्द्र हरिद्वार, द्वितीय स्थान पर सुशीला राणासशस्त्र प्रशिक्षण केन्द्र हरिद्वार के ही शकुन्तला तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। महिलाओं की 4 गुना 100 मीटर रिले दौड़ मे 31वीं वाहिनी पी0ए0सी0 रूद्रपुर की टीम की खिलाड़ियों के द्वारा प्रथम स्थान, 40वीं वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार की टीम के खिलाड़ियों के द्वारा द्वितीय स्थान तथा जनपद हरिद्वार की टीम के की खिलाड़ियों के द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता मे '17 टीमों के 290' खिलाड़ियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। एथलेटिक मीट में पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता में विजेता '40वीं वाहिनी पी0ए0सी0 हरिद्वार की टीम ने इस वर्ष की चल वैजयंती ट्राफी को अपने नाम किया। तथा 46वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर की टीम द्वितीय स्थान रही। वहीं महिला वर्ग में सम्पूर्ण प्रतियोगिता में 31वीं वाहिनी की ने इस वर्ष की चल वैजयंती ट्राफी को अपने नाम किया। तथा 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार की टीम द्वितीय स्थान पर रही। मुख्य अतिथि उत्तराखंड पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सिन्हा द्वारा अपने सम्बोधन में प्रतिभागी खिलाड़ियों एवं उपस्थित लोगों को जीवन में खेलों के महत्व के बारे में बताया गया तथा सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिये शुभकामनायें दी। मुख्य अतिथि द्वारा इस प्रतियोगिता के आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाने वाले प्रत्येक अधिकारी, कर्मचारी एवं बाहर से आये तकनीकी स्टाफ, सभी टीम प्रबन्धकों व खिलाडियों की सराहना की गयी। साथ ही इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन व ग्राउण्ड सौन्दर्यीकरण के लिए अधिकारी/कर्मचारियों/रिक्रूट आरक्षियो की भी सराहना एवं प्रशंसा की गयी। 19वीं उत्तराखण्ड प्रादेशिक अन्तर्जनपदीय/वाहिनी पुलिस एथलेटिक्स/खो-खो/



साईकिलिंग प्रतियोगिता के समापन की विधिवत घोषणा की गयी। संपूर्ण प्रतियोगिता वाहिनी के उप सेनानायक सुरजीत सिंह पँवार के पर्यवेक्षण में निर्विवाद एवं निष्पक्ष रूप से सफलतापूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन एंकरिंग का कार्य दलनायक कमल सिंह, कंचन सकलानी एवं आरती कोहली द्वारा किया गया। अच्छा खेल दिखा रहे खिलाड़ियों का दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ लगातार उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों की प्रतिभा को बारीकी से परख रहे ओलंपियन निरीक्षक मनीष रावत, अंतर्राष्ट्रीय धावक उप निरीक्षक रविन्द्र रौतेला, पंकज डिमरी एवं नीरज कुमार शर्मा एथलेटिक्स कोच उत्तराखंड पुलिस ने कहा कि इस प्रतियोगिता को आयोजित कराने का उद्देश्य बेहद सफल रहा तथा प्रतियोगिता के दौरान कई प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान हुई। प्रतियोगिता के दौरान अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर चुने गये खिलाड़ियों को भविष्य मे राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर अच्छी परफार्मेंस देने के लिये कोचिंग एवं अन्य सुविधायें दिलाई जायेगी। सम्पूर्ण प्रतियोगिता के दौरान हुई स्पर्धाओं में तकनीकी सहायता जैसे महत्वपूर्ण कार्य की कमान ओलंपियन निरीक्षक मनीष रावत, रामप्रकाश भट्ट, गुरुफूल सिंह एवं अंतर्राष्ट्रीय धावक उप निरीक्षक रविन्द्र रौतेला के नेतृत्व मे मुख्य एथलेटिक्स कोच नीरज कुमार, हेमराज, निरीक्षक ललित देवडी, निरीक्षक योगेन्द्र देव, निरीक्षक दयाचन्द रजवार, अपर उप निरीक्षक मुकेश रावत, आदित्य कुमार, अपर उप निरीक्षक पंकज डिमरी, अपर उप निरीक्षक विक्रम तोमर, अपर उप निरीक्षक मो0 आरिफ, अपर उप निरीक्षक सुनील तोमर, समीर, नीशू, प्रीतम, बिन्दु, देवेन्द्र शर्मा, प्रेम सिंह, पीटीआई हे0का0 चन्द्रशेखर, पीटीआई हे0का0 अर्जुन सिंह, हे0का0 पीटीआई विकास राय पीटीआई , सतेन्द्र गिरी, पीटीआई खुशपाल सिंह द्वारा कुशलतापूर्वक निभाई गई। समापन समारोह के अवसर पर सुरजीत सिंह पंवार उपसेनानायक 40वीं वाहिनी पी0ए0सी0 हरिद्वार, सुश्री अरूणा भारती उपसेनानायक सशस्त्र प्रशिक्षण केन्द्र हरिद्वार, स्वतंत्र कुमार सिंह; एसपी सिटी हरिद्वार, वाहिनी उपवा उपाध्यक्षा श्रीमती पूजा पँवार, पुलिस उपाधीक्षक सुश्री जूही मनराल, स्वप्निल मुयाल, सेवानिवृत पुलिस उपाधीक्षक जे पी जुयाल, मोहनलाल पुलिस पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम लाल शाह, शिविरपाल राजपाल सिंह रावत, प्रतिसार निरीक्षक रेलवेज विपेन्द्र सिंह, प्रतिसार निरीक्षक आरटीसी ओम प्रकाश, दलनायक विरेन्द्र सिंह कठैत, कैलाश शर्मा, महिपाल सिंह बिष्ट, श्रीमती अनुपमा राणा, संदीप नेगी; एचडीआई सशस्त्र प्रशिक्षण केन्द्र हरिद्वार, श्रीमती अनुपमा राणा, भाग सिंह रमोला; मुख्य फार्मेसिस्ट, श्री चंदन तनेजा वाहिनी अस्पताल फार्मेसिस्ट, सूबेदार सैन्य सहायक श्री विक्रम सिंह भण्डारी, वाहिनी मीडिया प्रभारी पीसी सोहन जोशी, पीसी राजपाल सिंह बिष्ट, पीसी जगदीश सिंह, धर्मवीर सिंह सूबे0 आरटीसी 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# करोंड़ो के जीएसटी घोटाले के सरगना के खिलाफ कोर्ट में साढ़े तीन हजार पेज की चार्जशीट दाखिल

रुद्रपुर। नौ महीने पहले जसपुर में पकड़ में आए करोड़ों रुपयों के जीएसटी घोटाले में राज्य कर विभाग की एसआईबी (विशेष अनुसंधान शाखा) ने टैक्स चोर गिरोह के सरगना के खिलाफ साढ़े तीन हजार पेज की चार्जशीट दाखिल कर दी है। इसे न्यायालय में लोहे के बक्से और कार्टन में रखकर लाया गया था। टीम ने 58 दिन की विवेचना के बाद इस चार्जशीट को तैयार किया है। चार मार्च को राज्य कर विभाग की एसआईबी ने जसपुर में लकड़ी के फर्जी बिल बेचने का कारोबार करने वाले लोगों के 27 प्रतिष्ठानों, आवासों, ट्रांसपोटर्स, अधिवक्ताओं और चार्टर्ड एकाउंटेंट के दफ्तरों पर छापा मारा था। इसमें 100 करोड के टर्नओवर पर 18 करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी गई थी। इस मामले का मास्टरमाइंड शाहनवाज हुसैन अपने घर से फरार हो गया था। प्रशासन के सहयोग से शाहनवाज के घर को सील कर 15 मई को पुलिस की मौजूदगी में खोला गया था जहां विभिन्न फर्मों के बिल, ईवे बिल, बैंक पासबुक, चेक बुक, एटीएम कार्ड, मुहरें, कांटा पर्चियां, मोबाइल और



दूसरे अभिलेख बरामद हुए थे। एसआईबी ने मुख्य आरोपी शाहनवाज हुसैन को 22 अक्तूबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को संयुक्त आयुक्त विशेष अनुसंधान शाखा ठाकुर रणवीर सिंह के नेतृत्व में केस के विवेचक डिप्टी कमिश्नर रजनीश सच्चिदानंद यशवस्थी, विभाग के विशेष अधिवक्ता लक्ष्य कुमार सिंह, सहायक आयुक्त राहुलकांत आर्य, राज्य कर अधिकारी अनिल सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पहुंचे और यहां मामले की बहस के बाद चार्जशीट दाखिल की। एसआईबी अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच की जा रही है। कुछ दिनों में फर्जी बिल खरीदने वालों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। एसआईबी ने शुरुआती समय में जब मामला पकड़ा था तो 18 करोड़ की टैक्स चोरी सामने आई थी। इसके बाद एसआईबी अधिकारियों ने गिरोह की जड़ें खंगालनी शुरू कीं थीं। 58 दिन की विवेचना के बाद चार्जशीट तैयार की गई। मामले में 200 से ज्यादा फर्मों के बैंक खातों, 60 से ज्यादा मोबाइल फोन, 30 से ज्यादा कम्प्यूटर, कई सिम कार्ड एवं आरोपी के घर से जब्त किए गए फर्जी फर्मों/कंपनियों से संबंधित भारी भरकम कागजातों की विवेचना की गई। अधिकारियों ने बताया कि चार्जशीट में 28 से ज्यादा फर्जी कंपनियों के जरिये की गई 113 करोड़ के बिलों के फर्जी बिकी पर 20 करोड़ की टैक्स चोरी के साक्ष्य न्यायालय में पेश किए गए हैं। मुख्य आरोपी 50 से अधिक दिन से जेल में है। एसआईबी की ओर से मामला पकड़ने के बाद फर्जी कारोबार में लगे लोगों ने जेल जाने के डर से टैक्स चोरी की रकम जमा करनी शुरू कर दी थी। अब तक तीन करोड़ 55 लाख रुपये विभाग में जमा हो चुके हैं। इस फर्जी कारोबार में लगी हरियाणा की 52 फर्मों को वसूली के नोटिस भेजे गए हैं, जबकि यूपी की फर्मों को चिह्नित करने की कार्यवाही एसआईबी कर रही है।

# 'बन टिक्की' फिल्म की शूटिंग के लिए नैनीताल पहुंचे अभय देओल और मनीष मल्होत्रा

नैनीताल(उद संवाददाता)। 'बन टिक्की' फिल्म की शूटिंग के लिए अभय देओल नैनीताल पहुंचे हैं। सेंट जोसेफ कॉलेज में उन्होंने कई सीन फिल्माए हैं। सेंट जोसेफ से विंटर लाइन सहित प्राकृतिक सुंदरता की फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा है कि हॉलीवुड फिल्म-हैरी पॉटर के विद्यालय हॉगवर्ट्स और अपने जीवन के दस वर्ष पुराने कॉलेज के दिन याद आ रहे हैं। अभय ने कहा कि नैनीताल की खूबसूरती के बारे में उन्होंने जितना सुना था, शहर उससे



कई गुना सुंदर है। नैनीताल में रहने के दौरान उन्हें भांग की चटनी, आलू के गुटके जैसी कई कुमाऊंनी व्यंजनों का स्वाद लिया। फिल्म के प्रोड्यूसर व मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने कहा कि नैनीताल में ही लिखी गई फिल्म को सजीव रूप देने के लिए शूटिंग भी यहीं की जा रही है। नैनीताल खूबसूरती के लिहाज से बेमिसाल हैं। अगले वर्ष वह एक और फिल्म की शूटिंग के लिए नैनीताल पहुंचेंगे। उन्होंने घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर में पूजा अर्चना कर फिल्म की सफलता की मुराद भी मांगी।

# कुमाऊं कमिश्नर ने सरकारी दफ्तरों में किया औचक निरीक्षण

## फरियादी महिला के एमआईआई के लिए सीएमओ एसटीएच को फोन कर दिए निर्देश

नैनीताल(उद संवाददाता)। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट और उपजिलाधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी कार्यालय की पार्किंग में जमा पर्ची में अनियमितता पाए जाने पर पार्किंग स्वामी को नोटिस देने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी कार्यालय में साफ-सफाई नहीं होने पर सिटी मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी को नियमित साफ सफाई के साथ ही डस्टबिन भी रखने के निर्देश दिए। दीपक रावत ने कहा कि साफ-सफाई की नियमित मानिटरिंग भी अधिकारियों द्वारा की जाए।उपजिलाधिकारी कार्यालय में 143 प्रकरणों में दिनांक रहित आवेदन एवं लंबित आवेदनों के प्रकरणों की जानकारी नहीं देने पर तहसीलदार एवं आरए संजय तिवारी का स्पष्टीकरण तलब किया। दोनों कार्यालय में रात्रि गार्ड की संख्या में कम होने पर उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि शीघ्र गार्डों की तैनाती की जाए। उन्होंने कहा इन कार्यालयों में आमजनमास के कार्य किए जाते है काफी संवेदनशील अभिलेख कार्यालय में रहते है। दीपक रावत ने शीघ्र इस कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने मंडल के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता से संबंधित कार्यों के लिए उपजिलाधिकारी एवं तहसील कार्यालयों में लंबित रजिस्टर होना अनिवार्य है कि कितने लोगों के प्रकरण पर कार्रवाई नहीं हुई तो कारण क्या था। उन्होंने कहा भविष्य में कार्यालय में लंबित प्रकरणों के लिए रजिस्टर ना मिलने पर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपजिलाधिकारी कार्यालय की बायोमेट्रिक मशीन खराब होने पर उन्होंने उपजिलाधिकारी को शीघ्र बायोमेट्रिक मशीन लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी एवं



प्राधिकरण की उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण के दौरान दीपक रावत ने पाया कि तीन कर्मचारियों द्वारा पंजिका में हस्तारक्षर नहीं किए गए थे। वहीं, कर्मचारी कार्यालय में उक्त अवधि में उपस्थित नहीं थे। जिस पर आयुक्त ने सिटी मजिस्ट्रेट को कर्मचारियों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कुमाऊं कमिश्नर ने धारा 33/39 भू आधिपत्य की पत्रावली, 143 के प्रकरण और धारा 41 के रजिस्टर चौक किए गए। 143 के आवेदन के निरीक्षण के दौरान दीपक रावत ने पाया कि किसी भी आवेदन में दिनांक नहीं थी। वहीं, सभी आवेदन पत्रावलियां दिनांक रहित पाई गई। 143 पत्रावलियों में लंबित प्रकरणों की जानकारी के साथ ही तहसीलदार द्वारा कई मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई थी, जिस पर आरए संजय तिवारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। मौके पर कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने तहसीलदार के साथ ही उपजिलाधिकारी कार्यालय के आरए संजय तिवारी का भी स्पष्टीकरण तलब किया और उपजिलाधिकारी को नियमित मानिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता के कार्यों में कोताही होने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपजिलाधिकारी कार्यालय मे आयुक्त के निरीक्षण के दौरान फरियादी मुन्नी देवी निवासी तिकोनियां ने आयुक्त को बताया कि बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही वह काफी दिनों से बीमारी से पीडित है जिसे एमआरआई कराने के लिए धनराशि भी नहीं है। मौके पर आयुक्त ने मुन्नी देवी के बेटे का जन्म प्रमाण बनाने के निर्देश उपजिलाधिकारी को दिए और मुन्नी देवी के एमआईआई के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी सुशीला तिवारी को दूरभाष पर शीघ्र एमआरआई कराने के निर्देश दिए। जिस पर मुन्नी देवी ने आयुक्त का धन्यवाद किया। निरीक्षण के दौरान दीपक रावत कैंप कार्यालय के निकट सिंथियासीनियर सेकेंडरी स्कूल की बस से बच्चे उतर रहे थे। आयुक्त ने बस के अंदर देखा की बस की सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई। वाहन में फर्स्ट एड बाक्स, फायर उपकरण एवं इमरजेंसी डोर की व्यवस्था सही पाई गई। आयुक्त ने बच्चों से इस संबंध में पूछा सभी बच्चों द्वारा सभी सुरक्षा के उपाय के लिए संतोषजनक जवाब दिया और वाहन चालक द्वारा आपातकाल के समय बच्चों को कैसे बाहर निकालना है इसका भी डैमो मौके पर दिया गया आयुक्त ने संतोष व्यक्त किया।

# डेढ़ किलो चरस सहित तस्कर दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलभट्टा थाना पुलिस ने नशे के खिलाप चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 1 किलो 545 ग्राम अवैध चरस के साथ एक युवक को दबोच लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत न्यायालय पेशी के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पकड़ी गई चरस की कीमत लगभग डेढ लाख रूपये बताई जा रही है। मामले का खुलासा करते हुए पुलभट्टा थाना इंचार्ज कमलेश भट्ट ने बताया कि मुखबिर से सूचना पर रात्रि में थाना गेट पुलभट्टा पर रोडवेज संख्या यूपी 25एफटी 4149 बरेली डिपो को रोककर पुलिस टीम द्वारा बस की सवारियों को चैक करना शुरु किया। इसी दौरान पीछे से दाहिनी तरफ तीसरे नम्बर की सीट पर खिड़की के पास बैठा एक व्यक्ति अपने बैंग को सीट से बाहर की तरफ फैंकने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस टीम ने मौके पर ही उक्त व्यक्ति को उसके हाथ में पकडे नीले रंग के बैग सहित पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम विरेन्द्र कुमार पुत्र रामदीन निवासी खेड़ा देवचरा के पास थाना भमौरा जिला बरेली उ0प्र0 बताया। तलाशी में बरामद एक नीले एडेल कम्पनी बैंग के अन्दर एक सफेद पन्नी के अन्दर कुल 1 किलो 545 ग्राम अवैध चरस मय एक अदद की पैड मोबाइल फोन, दो रोडवेज की बस के टिकट, 170 रुपये नकद, एक ई श्रम कार्ड व एक पैन कार्ड विरेन्द्र कुमार के नाम बरामदा हुआ। पुलिस पूछताछ में विरेन्द्र कुमार ने बताया कि वह देवचौरा के रवि के कहने पर उक्त चरस लेने हल्द्वानी गया था जहां उसे शामा भराडी का आल्टो कार वाला उक्त चरस दे गया। बताया कि यह माल रवि को देना था। रवि इसके एवज में उसे 10 हजार रुपये देता। पुलिस ने बताया कि मौके पर रोडवेज के चालक रतन लाल पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी पीपलसाना भोजीपुरा जिला बरेली व परिचालक सतेन्द्र प्रजापति पुत्र अवधेश प्रजापति निवासी पुराना रोडवेज बरेली को गवाह बनाया गया है। अवैध चरस की बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस दौरान आरोपी को रिमाण्ड हेतु न्यायालय पेश किया जा रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में बरामदा चरस की कीमत लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये आंकी गयी है। इस दौरान टीम में एसआई मनोज धोनी, एसआई अशोक कांडपाल, भूपेंद्र आर्या आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।



# हल्द्वानी में उत्तरायणी महोत्सव 8 जनवरी से

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में घुघुतिया त्यार उत्तरायणी महोत्सव आगामी 8 जनवरी से 15 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा। जिसमें कुमांऊनी संस्कृति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, व्यापार मेला, खेलकूद तथा सामाजिक व सांस्कृतिक संदेशों से सुसज्जित भव्य शोभा यात्रा मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगे। प्रत्येक दिन सायं 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम के तहत 8 जनवरी दिन सोमवार को प्रात: 9 बजे, 1.30 बजे व सायं 5 बजे श्री श्री गोल्ज्यू पूजन व आरती होगी। 11 बजे बच्चों की दौड़, 12 बजे खो खो प्रतियोगिता होगी। 9 जनवरी दिन मंगलवार को प्रात: 11 बजे मेले का उद्घाटन होगा। 12 बजे से दुल्हैणि सजाओ, 2 बजे लोकनृत्य प्रतियोगिता, 3 बजे वॉलीबाल प्रतियोगिता होगी। 10 जनवरी दिन बुद्धवार को प्रात: 11 बजे चम्मच दौड़, 12 बजे जलेबी दौड़, 1 बजे कुमांऊनी भाषण प्रतियोगिता, 2 बजे लोकगीत, लोकनृत्य ग्रुप प्रतियोगिता, 3 बजे वॉलीबाल प्रतियोगिता, होगी। 11 जनवरी दिन गुरूवार को प्रात: 11 बजे चित्रकला प्रतियोगिता, 1 बजे कुमांऊ आण – काथ प्रतियोगिता, 2 बजे कुमांऊनी कविता पाठ होगा। 12 जनवरी दिन शुक्रवार को प्रात: 11 बजे फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, 12 बजे शंख बजाओ प्रतियोगिता, 1 बजे रस्सा कस्सी प्रतियोगिता, 2 बजे कुमांऊनी कवि सम्मेलन होगा। 13 जनवरी दिन शनिवार को प्रात: 11 बजे ऐपण, 12 बजे कुर्सी दौड़, 1 बजे बेबी शो, 2 बजे झोड़ा प्रदर्शन, 3 बजे प्रश्नावली, 4 बजे कुमांऊनी भाषा में नाट्य प्रतियोगिता होगी। 14 जनवरी दिन रविवार को प्रात: 11 बजे छोलिया नृत्य प्रतियोगिता, 12 बजे शोभा यात्रा निकाली जायेगी। 15 जनवरी दिन सोमवार को प्रात: 11 बजे वॉलीबाल प्रतियोगिता फाईनल, 2 बजे पुरस्कार वितरण तथा 5 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ महोत्सव का समापन किया जायेगा। शोभा यात्रा में शामिल सभी झांकियों को मंच द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

# 200 लोगों को आवंटित किये प्रधानमंत्री आवास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम बागवाला में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 1872 ई०डब्लू०एस योजना का निर्माण कराया जा रहा है। यह योजना भारत सरकार व राज्य सरकार की महत्वाकाक्षी योजना है। उत्तराखण्ड की सबसे बड़ी इस परियोजना जिसमें 1872 लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराये जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री द्वारा विशेष रूचि लेते हुए योजना को सफल बनाने हेतु समय समय पर अपना मार्गदर्शन किया जा रहा है तथा सभी आवश्यक वित्त आदि उपलब्ध कराये जाने हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। जिस हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिये आवास आवंटन का कार्यक्रम विकास भवन परिसर स्थित सभागार में किया गया। प्रथम चरण में 529 आवेदनकर्ताओं के समस्त अभिलेख पूर्ण पाये जाने पर इन 529 लोगों की ऑनलाईन लॉटरी का कार्यक्रम आवेदनकर्ताओं की उपस्थिति में विधिवत सम्पन्न किया गया तथा उपस्थित लगभग 200 लोगों को आवंटन पत्र भी तत्काल निर्गत किये गये। योजना के प्रति लोगों का उत्साह भी देखने को मिला तथा योजना हेतु लोगों द्वारा केन्द्र सरकार व राज्य सरकार का आभार भी व्यक्त किया गया। हरीश चन्द्र काण्डपाल, उपाध्यक्ष, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, उधमसिंह नगर, अभय प्रताप सिंह, सयुक्त सचिव, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, उधमसिंह नगर / उपजिलाधिकारी, उधमसिंह नगर, अधिशासी अभियन्ता, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण, उधमसिंह नगर, तहसीलदार रुद्रपुर, सहायक नगर आयुक्त, व शाखा प्रबन्धक बैंक ऑफ बडौदा विकास भवन रूद्रपुर की उपस्थिति में समस्त प्रा० स्टाफ के सहयोग से उक्त कार्यकम का सफल संचालन किया गया।





# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित

बाजपुर(उद संवाददाता)। ब्लॉक के आस-पास के क्षेत्रों में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी अरूण शर्मा के सहयोग से लगातार पिछले छह महीने से इस शिविर में लगभग सैकड़ों लोगों ने प्रतिभाग कर अपनी आँखों की समस्या से छुटकारा पाया है। शिविर शहरी इलाकों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगाया जा रहा है। शिविर में उच्च तकनीक से लैस मशीनों की सहायता शिविर में पहुँचे मरीजों की आँखों की जाँच की जा रही है एवं मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। बड़ी समस्या होने पर आयुष्मान कार्ड के जरिए इलाज की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है। समाजसेवी अरुण शर्मा ने बताया कि अलग अलग क्षेत्रों में लगभग 60- 70 नेत्र चिकित्सा शिविर लगाए जा चुके हैं । जिसमें सैकड़ों लोगों ने इस शिविर में पहुँचकर लाभ प्राप्त किया है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिवम बाटला ने बताया कि पिछले छह महीने से लगातार उनके नेतृत्व में अलग अलग टीम बनाकर नेत्र चिकित्सा शिविर लगाए जा रहा है और लोगों को नेत्र से संबंधित शिकायतों से राहत प्रदान की जा रही है। इस दौरान समाजसेवी निसार अहमद ने मुण्डियाँ पिस्तौर में कैंप लगाने में सहयोग देते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों को इस योजना का लाभ उठाने की जनता से भी अपील की है।



# प्रकाश मण्डल को पीएचडी की उपाधि

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन हिमालयन गढ़वाल विश्वविद्यालय पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड से 19 दिसम्बर 2023 को रसायन विज्ञान विषय से प्रकाश मंडल पुत्र पंचानन मंडल को पी.एच.डी .की उपाधि प्राप्त हुई। जिसके लिए रिसर्च डीन डॉ.शैलेश कुमार सिंह, अस्सिटेंट डीन डॉ.बबीता सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर पी.के .डे,कुलपति प्रोफेसर एन.पी.सिन्हा, कुलाधिपति प्रोफेसर शिव कुमार गुप्ता, शोध निर्देश डॉ. रविंद्र कुमार सैनी एवं सहायक शोध निर्देशक डॉ. मनोज कुमार दास ने बधाई दी एवं उज्जैन भविष्य की कामना की। प्रकाश मंडल मूल रूप से उत्तराखंड के तहसील- सितारगंज के शक्ति फार्म क्षेत्र के ग्राम -गोविंद नगर पड़ागांव के मूल निवासी है ।जो वर्तमान समय में राजकीय इंटर कॉलेज मीडार ,जिला नैनीताल में प्रवक्ता रसायन विज्ञान विषय के रूप में कार्यरत है।डॉ. प्रकाश मंडल अपनी इस सफलता का श्रेय अपने मां-बाप ,अर्धांगिनी एवं छोटे भाई गोविंद मंडल को देते है।






# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति

देश में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए पहली बार कानून बनने जा रहा है, लेकिन इससे जुड़े विधेयक पर सवाल उठ रहे हैं। जिस संशोधित विधयक को राज्यसभा ने पारित किया है, उसमें किए गए प्रावधान संवैधानिक पदों पर नियुक्ति करने के लिए सर्वोत्तम मानकों से कम बताए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रोहिंटन नरीमन ने इन प्रावधानों पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि अगर मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय मंत्री और एक विपक्ष के नेता की चयन समिति द्वारा की जाती है तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कल्पना बनकर रह जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा होता है तो अदालत को इसे निरस्त कर देना चाहिए। इस विधेयक का नाम है, 'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, शर्तें और पद अवधि) विधेयक, 2023'। अगस्त में यह विधेयक पहली बार पेश किया गया था। तब इसके कुछ प्रावधानों की जबरदस्त आलोचना हुई थी। सरकार ने बदलाव तो किए, लेकिन इसमें महत्त्वपूर्ण दोषों को ठीक नहीं किया गया। मुख्य दोष यह माना जा रहा है कि नियुक्तियां अब विशुद्ध राजनीतिक होंगी। सरकार ने दावा किया कि यह विधयक सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर तैयार किया गया है। यह केवल आधा सच है। मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए संविधान या 1991 के कानून में कोई प्रक्रिया निर्धारित नहीं थी और यह एक ऐसी खामी थी, जिसको लेकर पूर्ववर्ती सरकारों पर सवाल उठते रहे। इस साल मार्च में सुप्रीम कोर्ट ने एक प्रक्रिया तैयार करने का सुझाव दिया। कहा गया कि इसके तहत प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधान न्यायाधीश चयन करेंगे, जिससे नियुक्तियों में विश्वास और मतदाता की नजर में आयोग की विश्वसनीयता मजबूत हो। लेकिन राज्यसभा में पारित विधेयक में सरकार ने प्रधान न्यायाधीश को प्रक्रिया से बाहर रखा है। समिति में भले ही विपक्ष की उपस्थिति है, लेकिन यह भागीदारी औपचारिक मात्र होगी। ऐसे में आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठेंगे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता महत्त्वपूर्ण है, जो एक मजबूत लोकतंत्र का केंद्र है। जाहिर है, आयोग में होने वाली नियुक्तियों को लेकर विश्वसनीयता का संकट उचित नहीं है। चुनाव आयोग लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्त्वपूर्ण घटक है, जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कार्यात्मक स्वतंत्रता और संवैधानिक संरक्षण की आवश्यकता होती है। चुनाव आयोग से उम्मीद की जाती है कि देश में जहां भी चुनाव हों वहां स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराया जाए। अकेले चुनाव आयोग ही नहीं, बल्कि सरकार की भी यह जिम्मेदारी बनती हैं। चुनाव कराने वाली पूरी व्यवस्था की निष्पक्षता पर सवाल न उठे, इसका ध्यान सभी को रखना होगा। ध्यान रखना होगा कि लोकतांत्रिक ढांचे के लिए अहम संस्थाओं का क्षय न हो। ऐसी संस्थाएं ही लोकतांत्रिक ढांचे को बनाए रखती हैं। निर्वाचन प्रणाली पर जनता का यकीन कायम रहना, लोकतंत्र की सेहत के लिए बेहद जरूरी है।

## तीन इंच का हथियार है जीभ

दास प्रथा के दिनों में एक मालिक के पास अनेक गुलाम थे। लुकमान उन्हीं में से एक था। लुकमान था तो सिर्फ एक गुलाम लेकिन बड़ा ही चतुर था। उसकी ख्याति दूर-दराज तक फैलने लगी थी। एक दिन इसकी खबर उसके मालिक को लगी। मालिक ने लुकमान को बुलाया और कहा, " सुना है तुम बहुत बुद्धिमान हो। मैं तुम्हारी बुद्धिमानी की परीक्षा लेना चाहता हूं। अगर तुम पास हो गए तो तुम्हें गुलामी से मुक्ति दे दी जाएगी। मालिक ने कहा, जाओ और एक मरे हुए बकरे को काटो और उसका जो हिस्सा बढ़िया हो उसे ले आओ। लुकमान ने आदेश का पालन



किया और मरे हुए बकरे की जीभ लाकर मालिक के सामने रख दी। मालिक ने पूछा तो लुकमान ने कहा, अगर शरीर में जीभ अछी हो तो सब कुछ अच्छा होता है। मालिक ने आदेश देते हुए कहा, अच्छा इसे उठा ले जाओ और अब बकरे का जो हिस्सा बुरा हो, उसे ले आओ। लुकमान बाहर गया और थोड़ी ही देर में उसी जीभ को लाकर मालिक के सामने फिर रख दिया। फिर से कारण पूछने पर लुकमान ने कहा , अगर शरीर में जीभ अच्छी नहीं तो सब बुरा ही बुरा है। उसने आगे कहा ख्र मालिक, वाणी तो सभी के पास जन्मजात होती है परन्तु बोलना किसी किसी को ही आता है। क्या बोले, कब बोलें और कैसे बोलें इस कला को बहुत ही कम लोग जानते हैं। कड़वी बातों ने संसार में न जाने कितने झगड़े पैदा किये हैं। जीभ 3 इंच का वह हथियार है जिससे कोई 6 फुट के आदमी को भी मार सकता है तो कोई मरते हुए में भी प्राण फूंक सकता है। इसके सदुपयोग से स्वर्ग पृथ्वी पर उतर सकता है और दुरूपयोग से स्वर्ग भी नरक में बदल सकता है। यह सुनकर मालिक ख्र बहुत खुश हुआ और उसने लुकमान को आजाद कर दिया। इसलिए हम जो भी बोलें सोच समझ कर बोलें कभी किसी से कड़वी बात न करें जिससे किसी को बुरा लगे। हमेशा अपनी वाणी को मधुर बनाये रखे तभी हमारा जीवन सफल है ।

**नरेश कुमार सेठ, रूद्रपुर**

# डीएम ने खटीमा के भारामल मंदिर में की पूजा अर्चना





खटीमा (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने तहसील खटीमा के भारामल मन्दिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और जनपद, प्रदेश व देश को सुख, समृद्धि एवम खुशहाली की कामना की। जिलाधिकारी ने बाबा भारामल मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्यों हेतु गहनता से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं एवम पर्यटकों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो, इसलिए सभी आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी और कार्यों हेतु धन की कोई कमी नहीं होगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई को निर्देश दिए कि मंदिर परिसर जंगल में स्थित होने के कारण आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों के सांयकाल में देर होने पर सुरक्षात्मक दृष्टि से रुकने के लिए धर्मशाला का निर्माण किया जाए, कच्चे तालाब को पक्का किया जाए, पानी की पर्याप्त मात्रा में टंकी लगाई जाएं, महिलाओं तथा पुरुषों के लिए एकख्रएक बाथरूम, पुरुषों के लिए तीन तथा महिलाओं के लिए 2 लेडीज टॉयलेट की व्यवस्था की जाएं, और मंदिर परिसर में इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएं। उन्होंने पानी की टंकी, शौचालय, बाथरूम, तालाब, इंटरलॉकिंग टाइल्स, धर्मशाला निर्माण हेतु डीपीआर तैयार करने के निर्देश अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार को दिए। जिलाधिकारी ने जमीन पर बैठकर सभी के साथ प्रसाद ग्रहण किया। महंत श्री हरि गिरी महाराज द्वारा जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सुखी नदी का निरीक्षण किया और विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने लोहियाहेड पावर हाउस स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचकर खण्ड विकास अधिकारी से नगला में बरसात में जल भराव का कारण तथा निवारण के संबंध में शीघ्रता से रिपोर्ट जिला कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, उप जिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट, एसडीओ फॉरेस्ट संचिता वर्मा, बीडीओ कुंवर सामंत सहित मंदिर के महंत श्री हरि गिरी महाराज, रमेश चंद्र जोशी ऊर्फ रामू, मनोज बाजवा, सतीश गोयल, अजय मौर्या, सतीश चंद आदि उपस्थित थे।

# धूमधाम से मना स्कॉलर्स वैली स्कूल का वार्षिकोत्सव



सितारगंज (उद संवाददाता)। स्कॉलर्स वैली इंटरनेशनल स्कूल परिसर में वार्षिक समारोह विरासत-2023 धूमधाम से आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कमल जिंदल भाजपा जिला अध्यक्ष एवं उपकार बल पूर्व अध्यक्ष गन्ना समिति ने मौजूद रहकर इस वार्षिकोत्सव की शोभा बढ़ाई। इस समारोह में बच्चों के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, नाटक, गायन इत्यादि प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने विद्यालय प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख एवं प्रधानाचार्या कमलजीत कौर औलख को वार्षिक उत्सव की शुभकामनाएं दी तथा स्कूल के बच्चों द्वारा किये गए कार्यक्रम को लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन किया इस मौके पर उप-प्रधानाचार्या सीमा जोशी, सीनियर कोऑर्डिनेटर भूपेंदर सिंह, असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर सुखवंत कौर, सिमरनजीत कौर, पुष्पेश जोशी, सुमित कुमार, अमनप्रीत कौर, अर्शदीप सिंह, कविता भट्ट, अमित पाठक, जानकी रावत, अशोक टम्टा, एकता बोरा, दिशा शर्मा, मेघा भण्डारी, गीता तिवारी, पुष्पा शर्मा एवं अन्य अध्यापक- अध्यापिकाएं, ड्राइवर्स तथा स्कूल हेल्पिंग स्टाफ के साथ साथ अभिभावक भी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय केनकेन मैथ ओलंपियाड में बाजपुर के खिलाड़ियों ने जीते 12 पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय केनकेन मैथ ओलंपियाड 2023 का आयोजन मुंबई यूनिवर्सिटी, मुंबई में किया गया। जिसमे यूसीएमएएस बाजपुर सेंटर से 13 प्रतिभाशाली बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिनमे से 9 बच्चों द्वारा गोल्ड मेडल, 2 बच्चो द्वारा सिल्वर एवम एक बच्चे ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखंड एवम बाजपुर क्षेत्र का नाम रोशन किया । बच्चो की राष्ट्रीय स्तर पर सफलता से यूसीएमएएस बाजपुर सेंटर संचालक/ संचालिका दीपक खुल्लर, श्रीमति आशु खुल्लर काफी उत्साहित हैं। साथ ही उक्त बच्चो के माता पिता भी हर्षित हैं।गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में आयु गोयल, आरती खुल्लर, हरनूर सोढ़ी, कनिका खुल्लर, ओम गर्ग, सानवी सूरी, कीरत सब्बरवाल, अनन्या चंद्रा तथा हार्दिक गोयल, सिल्वर मेडल हासिल करने वाले अनन्त पाल व मनन गोयल तथा ब्रॉन्ज मेडल राघव सिंघल ने प्राप्त किया।



# चोरों ने दुकान से उड़ाये लाखों के जेवर

सितारगंज (उद संवाददाता)। नगर के जेल कैम्प रोड पर अन्नूपर्णा ज्वेलर्स की दुकान के ताले काटकर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर लिए। दुकान स्वामी हरिओम रस्तोगी निवासी वार्ड 9 हाथीखाना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार रात दुकान के शटर के ताले काटकर चोर अंदर घुसे। दुकान के अंदर रखी अलमारियों व तिजोरी के ताले तोड़कर करीब आठ किग्रा चांदी के जेवरात, 12 ग्राम के सोने के झुमके, सोने के पांच ग्राम के पेंडल, पांच ग्राम के नाक के फूल, 20 हजार की आर्टिफिशियल ज्वेलरी, सात हजार की नगदी चुरा ले गए। दुकान के शटर के ताले काटने से पहले चोरों ने मकान मालिक के शटर में कुण्डों से रस्सी फंसा ली। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। दो चोर बाइक से आए थे। सोमवार सुबह मकान मालिक ने शटर पर ताले नहीं होने की सूचना दी तो वह मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर एसएसआई हरविंदर कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच की।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम KRISHAN KUMAR से बदलकर KRISHAN KUMAR ARORA कर लिया है अतः भविष्य में मुझे KRISHAN KUMAR ARORA S/o CHARAN DAS के नाम से जाना पहचाना जाये।

वर्तमान पताः House No- 39, Friends Enclave, Ward No- 26, Rudrapur, Udham Singh Nagar, Uttarakhand, 263153


# फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी करने वाले पिता-पुत्र पकड़े

देहरादून (उद संवाददाता)। फास्टफूड विक्रेता मल्टीनेशनल कंपनी मैकडोनाल्ड की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर ऋषिकेश निवासी व्यक्ति से 24.30 लाख रुपये ठगने वाले साइबर ठग पिता-पुत्र को उत्तराखंड पुलिस की एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने छत्तीसगढ़ में पकड़ा। दोनों आरोपित ठगी के एक अन्य मामले में छत्तीसगढ़ की सेंट्रल जेल में बंद थे। उनको एसटीएफ बी-वारंट पर देहरादून लेकर आई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपित पुत्र ने दिल्ली से कंप्यूटर का प्रशिक्षण लिया है। इसके बाद वह फर्जी वेबसाइट बनाने लगा और पिता के साथ मिलकर लोगों को ठगने लगा। आरोपितों ने फर्जी वेबसाइट बनाकर मैकडोनाल्ड और केएफसी की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर विभिन्न राज्यों में ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया है। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल के अनुसार, ऋषिकेश के आशुतोष नगर में रहने वाले प्रशांत जमदग्नि ने ठगी की शिकायत की थी। इसमें बताया कि 10 जनवरी 2023 को उन्होंने मैकडोनाल्ड की फ्रेंचाइजी लेने के लिए इंटरनेट पर सर्च किया। इस दौरान उन्हें एक वेबसाइट नजर आई। उसमें दिए गए फोन नंबर पर संपर्क किया तो तरुण जायसवाल नाम के व्यक्ति ने खुद को मैकडोनाल्ड का कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर बताया और फ्रेंचाइजी लेने की प्रक्रिया बताते हुए आवेदन करने को कहा। आरोपित ने उन्हें ई-मेल से आवेदन पत्र समेत रजिस्ट्रेशन फीस, सिक्योरिटी डिपोजिट और लाइसेंस नंबर लेने संबंधी जानकारी भेजी। इसके बाद विभिन्न मोबाइल नंबरों से फोन कर फ्रेंचाइजी देने के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में 24.30 लाख रुपये जमा करवाए और फिर सभी मोबाइल नंबर बंद कर दिए। मामले में साइबर थाना देहरादून में 15 फरवरी को मुकदमा दर्ज कर निरीक्षक त्रिभुवन रौतेला को विवेचना सौंपी गई। इसमें पता चला कि ठगी में रामप्रवेश प्रसाद और उसका बेटा सूरज कुमार निवासीगण भवानी बीघा, वारिसलीगंज, जिला नवादा (बिहार) शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए निरीक्षक त्रिभुवन रौतेला व एसआइ भुवन कापड़ी ने अपनी टीम के साथ विभिन्न राज्यों में दबिश दी। इस बीच पता चला कि दोनों को छत्तीसगढ़ पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है और वह छत्तीसगढ़ के दुर्ग स्थित सेंट्रल जेल में बंद हैं। इस पर एसटीएफ ने दुर्ग के जिला न्यायालय से दोनों आरोपितों का बी-वारंट प्राप्त किया और सोमवार को उनको देहरादून लेकर आई।



# जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने को प्रदर्शन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा विधानसभा की जनता को बन्दर,सूअर और तेंदुए के आतंक से निजात दिलाने की मांग को लेकर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बिट्टू कर्नाटक के नेतृत्व में लोगों ने वन विभाग में कन्जरवेटर कार्यालय में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्नाटक ने कहा कि विगत लम्बे समय से बन्दर नगर क्षेत्र में तथा जंगली सूअर ग्रामीण क्षेत्रों में काश्तकारों की फसल को तबाह करने का काम कर रहे हैं लेकिन प्रदेश सरकार के साथ ही वन विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी पूरी तरह कृषि पर आधारित है।पहाड़ी सब्जियां,पहाड़ी दालों का उत्पादन कर ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपनी गुजर बसर करते हैं। लेकिन बन्दर और सूअर लगातार उनकी खेती को तहस नहस करने का काम कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों की आर्थिकी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि आज यह स्थिति है कि काश्तकार आलू का बीज तक बोने में डर रहा है। क्योंकि सूअर जमीन के अन्दर बोयी जाने वाली फसल आलू,प्याज,गढ़ेरी,अदरक,हल्दी, लहसुन तक खोद कर नष्ट कर दें रहे हैं।इसके अलावा नगर क्षेत्र में बन्दर जहां लगातार स्कूली बच्चों को काटकर चोटिल कर रहे हैं वहीं दुकानों से सामान तक खींचकर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेंदुओं का आतंक ग्रामीण क्षेत्रों के साथ नगर क्षेत्र में भी है जिससे कि सांयकाल के बाद लोग घरों से बाहर निकलने में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं उन्हें भय है कि कब कहां से तेंदुआ उन पर झपट जाए।श्री कर्नाटक ने कहा कि पलायन रोकने का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार शायद ये भूल रही है कि इस भयावह समस्या के कारण लगातार पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश सरकार और वन विभाग अब भी नींद से नहीं जागे और इस भयावह समस्या का समाधान अविलम्ब नहीं किया तो जनहित में वे प्रदेश सरकार और वन विभाग के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से वृहद जन आन्दोलन करने को बाध्य होंगे।धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में रोहित शैली,अशोक सिंह सरपंच, राकेश बिष्ट सरपंच, बीरेंद्र कार्की, दीपक पोखरिया,हिमांशु कनवाल, अर्जुन लटवाल, सोनू चौहान,पवन कनवाल, विनय चन्डोला,भगवत आर्या, सुधीर,हसन अली, गोपाल भट्ट, त्रिभुवन अधिकारी, सागर कुमार, धीरेन्द्र लाल,मोहित अधिकारी, मयंक कुमार, पंकज कुमार, अमित भट्ट,सतीश कुमार, प्रकाश लाल,आशु, भूपेंद्र सिंह,अजय बिष्ट, हिमांशु बिष्ट, राहुल मेहता, हिमांशी अधिकारी, रश्मि काण्डपाल, अमर बोरा, सुमित कुमार, राजीव शैली,बच्चीसिंह सांगा सरपंच, भास्कर बिष्ट, सागर आर्या,विक्रम कुमार, धनराजजितेंद्र काण्डपाल, मोहन सिंह बिष्ट,हिमांशु सिराडी, बलबीर सिंह,संजय कुमार,चेतन बिष्ट,प्रकाश बिष्ट, अर्जुन कनवाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।



# लोकसभा चुनाव में लहरायेगा कांग्रेस का परचम : करन महारा

अल्मोड़ा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने रविवार को जनपद अल्मोड़ा में नंदा देवी परिसर में आयोजित जिला स्तरीय सम्मेलन में राज्य सरकार की डबल इंजन सरकार के भ्रष्टाचार ,बेरोजगारी और मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण जनता को हो रही परेशानियों को उजागर किया एवं लोकसभा व निकाय चुनावों की तैयारियों का आगाज किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ,उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी , द्वाराहाट विधायक मदन बिष्ट , हल्द्वानी विधायक सुमित




हृदयेश, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल ,पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा, यूथ प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र भोज सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध एकजुटता के साथ पिथौरागढ़ एवं चंपावत जिला सम्मेलनों में भाग लेने पहुंचे कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इसी जोश एवं उत्साह के साथ हमें लोकसभा चुनाव में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देते हुए देश में कांग्रेस का परचम लहराना है।

# चाकू सहित एक गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। संदिग्धों की चेकिंग व उनके विरुद्ध करवाई हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा मकरंदपुर से दिनेशपुर को जाने वाले रास्ते पर लोहे के पुल पर से संदिग्ध वरजन



पुत्र सुखलाल मंडल निवासी ग्राम शिवनगर महतोष थाना गदरपुर जिला उधम सिंह नगर को चेक करने पर इसके पास से 1 चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त से अवैध चाकू बरामद होने पर गिरफ्तार किया गया बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष भुवन चन्द्र जोशी,उ0 नि0ओम प्रकाश, कानि0 गोरख नाथ, कैलाश मनराल मौजूद रहे।

# खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला स्तर पर चल रहे खेल महाकुम्भ में विकासखण्ड हवालबाग के खेल मैदान में आयु वर्ग अण्डर14, अण्डर17 अण्डर19 बालिका वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं की जानकारी देते हुए जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी प्रशान्त कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में अन्डर-14 की गोला फेंक में साक्षी मेहरा चौखुटिया, 60 मीटर दौड़ में अनुष्का फुलारा द्वाराहाट, 600 मीटर में गायत्री अधिकारी द्वाराहाट,



लम्बीकूद में गरिमा भिकियासैंण, ऊँची कूद में आयुषी धौनी हवालबाग, अन्डर17 में 100 मीटर दौड़ में कोमल बिष्ट द्वाराहाट, लम्बी कूद में कृतिका स्याल्दे, ऊँची कूद में कल्पना चिलवाल धौलादेवी तथा अन्डर-19 में 100 मीटर दौड़ में कोमल नेगी द्वाराहाट, 200 मीटर में निधि मेहता भैंसियाछाना, 400 मीटर में दीपा तिवारी तथा 1500 मीटर में विनिता पैनवाल आदि प्रथम रहेइस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सोनू कुमार, प्रधान सहायक रजनी वर्मा, संदीप वर्मा, अशोक कुमार, शिक्षा विभाग से शिवदत्त पाण्डे, पूनम बिष्ट, तुलसी बिष्ट, लता वर्मा एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समस्त कोच व पी0आर0डी0 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# युवा सिख सम्मेलन रहा ऐतिहासिकः सुखीजा

गदरपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के गिल रिसोर्ट में आयोजित सिख सम्मेलन पूरी तरह सफल रहा। भाजपा काशीपुर के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि पूरे जिले से जिस प्रकार से सिख युवाओं ने इस कार्यक्रम को समर्थन किया वह वास्तव में बहुत ही ऐतिहासिक रहा। जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सभी के दिलों में राज करते हैं और जिस प्रकार से आज पूरे जिले के हजारों सिख युवा कार्यक्रम में उपस्थित हुए वह है मुख्यमंत्री की लोकप्रियता को दर्शाता है। गुंजन सुखीजा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार सिखों के लिए कार्य कर रहे हैं। चाहे वह करतारपुर कॉरिडोर खोलने का मामला हो या वीर बाल दिवस मनाने का हो या मुख्यमंत्री द्वारा हेमकुंड साहिब में रोपवे लगाने और आनंद कॉलेज मेरिट पास करने का हो। गुंजन सुखीजा ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# खाईबाडी करता सटोरिया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सट्टा पर्ची लगाकर जुआ खिलवाने वाले एक व्यक्ति को बनभूलपुरा थाना पुलिस ने सट्टा सामग्री व नगदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान सार्वजनिक स्थान इंदिरा नगर में खाईबाड़ी कर रहे एक सट्टेबाज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता भूरा खान पुत्र दिलावर खान निवासी इन्दरानगर वार्ड 32, बनभूलपुरा



बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से सट्टा पर्ची, पेन गत्ता व नगदी 1830 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने भूरा खान को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में कानि. मुन्ना सिह व लक्ष्मण राम शामिल थे।

# फायर स्टेशन ने चलाया अग्नि सुरक्षा जागरुकता अभियान

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम चन्द्र राजगुरू के निर्देश पर फायर यूनिट अल्मोड़ा द्वारा गुरु एकेडमी पपरशैली अल्मोड़ा व फायर यूनिट रानीखेत द्वारा कुमाऊं पब्लिक स्कूल द्वाराहाट में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूल के छात्र- छात्राओं एवं स्टॉफ को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक करते हुए प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के



बारे में बताकर संचालन की जानकारी दी गयी और आग लगने पर कैसे अग्निशमन उपकरणों से कार्य किया जाता है इस बारे में बताया गया।

## पेज एक का शेष...

**उत्तराखंड में भी बिग सरप्राईज ...** किया नहीं है, जिसके बदौलत भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उन्हें रिपीट करने पर विचार कर सके। इसके अतिरिक्त एंटी इनकमबेसी की काट करने के लिहाज से भी प्रदेश की लोकसभा सीटों पर नए चेहरे लाना भाजपा शीर्ष नेतृत्व के लिए अपरिहार्य हो सकता है। राज्य की पांचो सीटों पर बन रहे ताजा समीकरण पर दृष्टिपात करें, तो राज्य के एक सांसद को प्रधानमंत्री मोदी अपने मंत्रिमंडल में महत्वपूर्ण स्थान देकर हटा चुके हैं, वही एक अन्य सांसद को पहले ही सूबे का मुख्यमंत्री बना कर हटाया जा चुका है। सो, ऐसा प्रतीत होता है कि उपरोक्त दोनों सांसद प्रधानमंत्री की गुड बुक में अपना नाम नहीं दर्ज कर सके। ऐसे में इनका रिपीट हो पाना तनिक मुश्किल लगता है। बात तीसरे सांसद की करें तो उनके स्थान पर धामी मंत्रिमंडल की एक महिला सदस्य को लोकसभा का चुनाव लड़ाए जाने की चर्चा काफी समय से चल रही है। समझा जाता है कि वर्तमान में प्रदेश की एकमात्र महिला सांसद, जिनकी सक्रियता हमेशा ही सवालों के घेरे में रही है, के स्थान पर धामी मंत्रिमंडल की उपरोक्त महिला सदस्य को एडजस्ट किया जा सकता है। माना जा रहा है कि आगामी आम चुनाव में प्रत्याशी तय करते समय भाजपा शीर्ष नेतृत्व क्षेत्रीय एवं जातीय समीकरण को भी केंद्र में रखकर प्रत्याशी तय करेगा ।ऐसे में एक प्रत्याशी ब्राह्मण,एक क्षत्रिय, एक अनुसूचित वर्ग, एक महिला एवं युवा वर्ग से तथा एक प्रत्याशी मैदान से दिया जा सकता है। इसी प्रकार राज्य मंत्रिमंडल के विस्तार में भी बहुत कुछ आश्चर्यचकित कर देने वाला सामने आ सकता है। हालांकि मंत्रिमंडल में खाली पड़े चार स्थानों के लिए दो दर्जन से अधिक दावेदार है ,मगर मोदी शाह की जोड़ी की हालिया कार्यप्रणाली के मध्य नजर इस बात की प्रबल संभावना है, कि मंत्रिमंडल के विस्तार में कुछ लूप लाइन में पड़े सर्वथा नए चेहरे मंत्री पद की शपथ लेते नजर आए ।

**तो क्या धामी को ...** सकती है। श्री धामी के लिए उधम सिंह नगर-नैनीताल लोकसभा क्षेत्र काफी सुरक्षित है। इसके साथ ही श्री धामी का यह गृह जनपद भी है और यहां श्री धामी को चाहने वालों की सबसे ज्यादा संख्या है। हल्द्वानी में आयोजित इजा-बेना महोत्सव और रुद्रपुर में संपन्न हुआ युवा सिख सम्मेलन को भी इसी नजरिए से देखा जा रहा है। राजनीतिक गलियारे में प्रदेश के मुख्यमंत्री धामी को उधम सिंह नगर नैनीताल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाये जाने की चर्चाएं जोरों पर हैं। बहरहाल इस पर भाजपा हाई कमान का क्या मंथन चल रहा है यह तो आने वाले भविष्य के गर्भ में ही छुपा है।

**सिलेंडर फटने से ...** प्रभारी सूरत सिंह चौहान के नेतृत्व में फायर यूनिट बड़कोट, घटनास्थल के लिए रवाना हुई। यहां नौगांव चौराहे के पास विपिन कुमार के तीन मंजिला रेस्टोरेंट एवं बेकरी की दुकान में आग लगी थी।फायर यूनिट बडकोट एवं नौगांव द्वारा निरंतर वाहनों से पंपिंग कर आग को बुझाया गया। आग ज्यादा फैलने से सहायता के लिए फायर यूनिट पुरोला को भी घटनास्थल पर बुलाया गया। तीनों यूनिटों द्वारा कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया गया। आसपास की दुकानों और होटल को भी आग से बचाया गया। घटनास्थल पर दो सिलिंडर के फटने से आग बड़ी तेजी से फैली। जबकि चार सिलिंडरों को फायर सर्विस द्वारा बाहर निकाला गया।

**पिकप से चुराये...** नगर देहरादून ट्रांसपोर्ट से पिकप वाहन संख्या यूके 06 सीबी-8415 के चालक सोएब अहमद, कार्यालय के कर्मचारी नागेश रावत कुल-67 बॉक्स इलेक्ट्रानिक आईटम लेकर देहरादून से रूद्रपुर के लिए चले। यूनिटी लॉ कालेज काशीपुर रोड के पास समय करीब 5 बजे रोड किनारे गाड़ी खड़ा कर सो जाने व उक्त स्थान से ही किसी अज्ञात चोरो द्वारा उक्त 12 बाक्स जिसमें 5 लेपटॉप, 2 मॉनिटर, 1 कैनन कम्पनी का कैमरा मय उपकरण, यूपीएस की 2 बैट्री, सीसीटीवी के छोटे कैमरे व कुछ छोटा इलेक्ट्रानिक सामान चोरी कर ले जाने के खिलाफ लाकर रपट दाखिल की । जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये विवेचना उनि. मुकेश मिश्रा के सुपुर्द की गई। मामले के खुलासे के लिए उनके नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार उनके घरों पर दबिश दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने घटना में शामिल तीन शातिर चोरोंशादाब पुत्र युनूस निवासी ग्राम परमानंदपुर थाना आईटीआई काशीपुर, कलीम पुत्र सलीम निवासी ग्राम परमानंदपुर थाना आईटीआई काशीपुर तथा फिरोज पुत्र निसार अहमद निवासी ग्राम परमानंदपुर थाना आईटीआई काशीपुर को लम्बाखेडा मोड से कुछ पहले विश्राम स्थल से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर शादाब के पास से 3 लैपटॉप, 7 डीबीआर, कलीम के पास से 1लैपटॉप, 2 सीसीटीवी कैमरे तथा फिरोज के पास से 1 लैपटॉप, दो मोनिटर मय दो लीड व एक कैमरा बरामद हुआ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में विक्रम राठौर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, अर्जुन गिरी वउनि, कानि. मेहन तिवारी, बिशाल रावत व दिनेश सिह शामिल थे।

**शहद फैक्टी में ..** सर में अत्यधिक चोट होने के कारण कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। फैक्ट्री में कार्यरत अन्य कर्मचारियों को जैसे ही इसका पता चला उनमें अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया। मृतक की एक पुत्र तथा तीन पुत्रियां है। उसकी एक पुत्री की शादी हो चुकी है तथा एक अन्य पुत्री की शादी मार्च में होने वाली थी।

**हल्द्वानी में २६ से ..** आवश्यक सीमा तक अपने अवैध निर्माण/बिना भूस्वामित्व एंव बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्मित निर्माण को ध्वस्त कर दे। इसका अनुपालन न करने पर दिनांक 26 दिसंबर के प्रात: 11 बजे से अतिक्रमण हटाओं अभियान के दौरान ध्वस्तीकरण की कार्यवाही में होने वाली क्षति का उत्तरदायित्व संबधित सम्पत्ति के स्वामी का होगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# भाजपा नेता चुघ ने सीएम धामी को सौंपे ज्ञापन

## काठगोदाम से अमृतसर प्रतिदिन रेल चलाने, नए परिसीमन में शामिल क्षेत्रों के लोगों को भू स्वामी प्रमाणपत्र देने का आग्रह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के युवा सिख सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आगमन के अवसर पर पुलिस लाईन में स्वागत करते हुए उन्हें दो अलग अलग ज्ञापन सौंपे। जिसके श्री चुघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि काठगोदाम-जम्मूतवी ट्रेन संख्या 12208-12207 गरीब रथ जो वर्तमान में सप्ताह में केवल एक ही दिन संचालित है प्रतिदिन चलाने तथा नए परिसीमन में शामिल क्षेत्रों के लोगों को भू स्वामी प्रमाणपत्र देने का आग्रह किया। चुघ ने बताया कि इस ट्रेन में जनपद नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ एवं उधम सिंह नगर के हजारो यात्री, तीर्थ यात्री, व्यापारी वर्ग एवं सैनिक माता वैष्णो देवी कटरा, बाबा अमरनाथ गुफा, स्वर्ण मन्दिर अमृतसर, राधास्वामी सत्संग (व्यास), लुधियाना, जालंधर, सहारनपुर के लिए आवागमन करते हैं, देश के जॉबाज सैनिक उत्तराखण्ड से पाकिस्तान बार्डर, पंजाब, जम्मू कश्मीर में प्रतिदिन डयूटी पर विभिन्न ट्रेनों एवं अन्य वाहनों से आते जाते रहते हैं। उन्होंने कहा प्रतिदिन यात्रा करने वाले देश के जॉबाज सैनिकों, यात्रियों, व्यापारियों, तीर्थयात्रियों को इस ट्रेन का सीधा लाभ प्राप्त नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि यह ट्रेन सप्ताह में केवल एक दिन संचालित होती है। इस ट्रेन को सप्ताह में प्रतिदिन संचालित करने हेतु वर्षों से मॉग की जा रही है।अतः जनहित को ध्यान में रखते हुये काठगोदाम जम्मूतवी ट्रेन संख्या 12208-12207 गरीब रथ को वाया अमृतसर सप्ताह में प्रतिदिन संचालित करवाने हेतु अपने स्तर उचित कार्यवाही करने का कष्ट करें अथवा इस ट्रेन के



अतिरिक्त कोई अन्य ट्रेन काठगोदाम से अमृतसर तक संचालित करवाने की कृपा करें। उन्होंने मुख्यमंत्री से नगर निगमों, नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों, में शामिल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके आबादी भवनों एवं भूखण्डों का स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी करने का भी आग्रह किया। उन्होंने बताया कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा पूर्व में सम्पूर्ण उत्तराखण्ड के समस्त नगर निगमों, नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों के आस पास के कुछ ग्रामों को शामिल कर दिया गया था। परन्तु उन्हें नगर निगमों, नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों, से स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी नहीं किये गये। जिस कारण उन्हें अपने भवनों एवं खाली भूखण्डो पर नव निर्माण कराने में असुविधायें हो रही है। क्योंकि ऐसे ग्रामीण क्षेत्र जो नगर निगमों, नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों, में शामिल किये गये हैं उनके पास उनके भवनों एवं भूखण्डो का कोई स्वामित्व प्रमाण पत्र न होने के कारण सम्बन्धित विभाग से मानचित्र ही स्वीकृत नहीं हो रहे। उत्तराखण्ड सरकार ने ऐसे शामिल ग्रामीण क्षेत्रों पर गृहकर में 10 साल तक की छूट की घोषणा कर रखी है जिससे समस्त ग्रामीणवासी उत्तराखण्ड सरकार को बधाई देते हैं। श्री चुघ ने श्री धामी से अनुरोध किया कि सम्पूर्ण उत्तराखण्ड के नगर निगमों, नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों, में शामिल ग्रामीण क्षेत्रो के भवनों एवं गाव की आबादी के भू स्वामियों को पूर्ण स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी करने का शासनादेश जारी करने की कृपा करें। क्योंकि सम्पूर्ण उत्तराखण्ड में समस्त ग्रामीणों के लोगों को उनके भवनों एवं भूखण्डो पर काबिज लोगों को स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी किये जा चुके हैं। ऐसा ही शासनादेश नगर निगमों, नगर पंचायतों, नगर पालिका परिषदों में शामिल ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए जारी करने की कृपा कर दी जाये। मुख्यमंत्री श्री धामी ने श्री चुघ को आश्वस्त करते हुए कहा कि वह इस संदर्भ में शीघ्र आवश्यक कदम उठाएंगे।

# धूमधाम से मना आरएएन बिलासपुर का वार्षिकोत्सव

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। आरएएन विद्यालय बिलासपुर के प्रांगण में जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओ का वार्षिकोत्सव 'वंस अपॉन ए टाइम' पर बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विभाग संयोजिका महिला समन्वय मुरादाबाद श्रीमती निवेदिता मित्तल, ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ जितेश अरोरा, श्रीमती मधु राय, विद्यालय प्रबंधक मोहित राय,प्रबंधिका श्रीमती निधि राय,प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा व विद्यालय की मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते के द्वारा माँ सरस्वती की वंदना और दीपदान के साथ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रध ानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा द्वारा सभी अभिभावकों का स्वागत किया और मुख्य अतिथि को हरित चिह्न देकर सम्मानित




किया।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कक्षा दो के छात्र-छात्राओं ने स्वागत-गीत व नर्सरी के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।तत्पश्चात विद्यालय की मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते ने विद्यालय में प्रतिवर्ष होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी।इसी श्रृंखला में कक्षा दो के छात्रों द्वारा कोरियाई मार्शल आर्ट्स ताइक्वांडो का रोमांचक प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में आगे नन्हे कलाकारो ने जंगल से संबंधित एक नाटक प्रस्तुत किया,जिसमें मोगली, बघीरा,पाइथन, जग्गू,बालू जैसे चरित्रो का अद्भुत प्रदर्शन किया गया ।कार्यक्रम के अंत में नन्हे कलाकारो द्वारा एक फैशन-शो प्रस्तुत किया गया जिसमें टेलीविजन के प्रसिद्ध कार्टून चरित्र भीम, भोलू-मोलू,जग्गू,पिकाचू और छुटकी जैसे पात्रों को जमकर सराहना मिली।इसके साथ ही डिजनी कम्स,जंगल बुक व ताइक्वांडो ने भी जमकर तालियाँ बटोरी ।कार्यक्रम के मध्य में अभिभावकों के लिए लकी -ड्रा भी निकाले गए,जिसमें अभिभावकों ने आकर्षक इनाम जीते। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्रीमती निवेदिता मित्तल ने सभी कार्यक्रमों की प्रशंसा की व नन्हे मुन्ने कलाकारो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्याम बाबा के कीर्तन में झूम उठे श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री श्याम जी पैड़ी प्रोडक्टस लालपुर में बाबा श्याम का भव्य कीर्तन व दरबार का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम स्थल पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया गया ।इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोड़ा, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब कमेटी सचिव अमरजीत सिंह, श्री श्याम मित्र मंडल सरपरस्त राम किशन शर्मा, श्री श्याम मित्र मंडल अध्यक्ष



प्रवीण गोयल,हनुमान प्रसाद गोयल,बनारसी दास गोयल, किशन गोयल, मनीष गोयल,अजय पाल यादव, मुकेश गोयल, तरुण कालरा,राजेश प्रताप सिंह,दारा सिंह,बलराम अग्रवाल ,अशोक बंसल आदि उपस्थित रहे। गोयल परिवार की ओर से कार्यक्रम में पधारे सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया गया।

# युवा सिख सम्मेलन की सफलता पर विधायक शिव अरोरा ने जताया आभार

रुद्रपुर। युवा सिख सम्मेलन की सफलता पर विधायक शिव अरोरा ने सभी का आभार व्यक्त किया है। विधायक अरोरा ने कहा कि ऐतिहासिक सम्मेलन ने यह साबित कर दिया है कि निश्चित रूप से सिख समाज भारतीय जनता पार्टी प्रध ानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ खड़ा है । विधायक शिव अरोरा ने सम्मेलन में सिखों की मांगों को लेकर लिखित पत्र भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दिया। जिस पर सीएम ने सम्मेलन में ही घोषणाएं भी की। विध ायक शिव अरोरा की मांग को गंभीरता



से लेते हुए सीएम धामी ने कहा कि हम बाजपुर के 20 गांव की समस्या पर पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहे हैं और हमारे सिख भाई निश्चित रहे इसका समाधान उत्तराखंड हर प्रकार से करेगी, वही विध ायक शिव अरोरा की मांग विभाजन विभीषिका स्मृति स्थल को भी बनाने के लिये मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने घोषणा की, रुद्रपुर से अमृतसर रेल चलाने को लेकर भी रेल मंत्री से वार्ता की बात कही है। साथ ही वर्ग चार की नियमती करण की पॉलिसी को बढ़ाये जाने पर मुख्यमंत्री ने सहमति जताई, राज्य में आनंद कराज एक्ट लागू करने का भी ऐलान किया गया है। रुद्रपुर में गुरु तेग बहादुर के नाम पर किसी चौक का नाम रखने पर सीएम ने सहमति जतायी है। विधायक अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाएं जल्द ही धरातल पर साकार होंगी।

# एक जनवरी से सरकारी राशन नहीं बांटेगे डीलर

रूद्रपुर। सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं की मांगों को लेकर ऑल इण्डिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फैडरेशन,उत्तराखण्ड ने 1 जनवरी से काम बंद हड़ताल का ऐलान किया है। संगठन के प्रदेश महामंत्री एवं जिलाध्यक्ष राजेन्द्र बांगा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने जिला पूर्ति अधिकारी के माध्यम से खाद्य आयुक्त को ज्ञापन प्रेषित कर हड़ताल की अग्रिम सूचना दी है। ज्ञापन में कहा गया है सरकारी सस्ता गल्ला



विक्रेताओं के राष्ट्रीय संगठन द्वारा मुख्य मांगों का लेकर 1 जनवरी 2024 से राशन विवरण कार्य बन्द करने का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि कई वर्षों से विक्रेताओं द्वारा मानदेय दिये जाने की मांग की जा रही है, जिसे सरकार व केन्द्रीय खाद्य मंत्रालय विभाग द्वारा हमेशा अनदेखा किया गया है। अतः शीघ्र विक्रेताओं को मानदेय दिये जाने की व्यवस्था की जाये। इसके साथ ही कोरोना काल में वितरित किये गये प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की लंबित धनराशि का भुगतान शीघ्र किये जाने मानदेय का प्रस्ताव तैयार होने की अवधि तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का वर्तमान में लाभांश और भाड़े की धनराशि को प्रतिमाह नियमित रूप से अन्य कर्मचारियो की भांति सरकारी सस्ता गल्ला विक्रेताओं के खातों में भुगतान किये जाने की मांग की गयी है। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष मदन लाल खन्ना, रवि खुराना, अजय चौळान, गर्व आर्य, नरेश सागर, विजय पाल, सतीश शर्मा,चन्द्र पाल,अजय कालड़ा,सुरेन्द्र कुमार,मदन मोहन, कपिल, रोहित कुमार, विनोद सारस्वत, मजीद, ब्रजकिशोर, सार्थक अग्रवाल, देवेन्द्र चौहान, सुधीर कुमार आदि शामिल थे।

# ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

बाजपुर( उद संवाददाता)। भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत मुड़िया पिस्तौर पहुँची। जिसमें 22 विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही आमजन से आई समस्याएं सुनते हुए उनका समाधान भी किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान विद्या देवी, उप ग्राम प्रधान हरप्रीत सिंह पन्नू, भारतीय जनता



पार्टी के जिला मंत्री विकास गुप्ता, केलाखेड़ा मंडल अध्यक्ष महेंद्र कलरा, मंडल महामंत्री आशीष ठाकुर, नोडल अधिकारी डॉ बीएस मंडल, किसान मोर्चा अध्यक्ष बलदेव सिंह, किसान मोर्चा महामंत्री हरप्रीत सिंह पन्नू, उपाध्यक्ष शोभित कंबोज, उद्यान विभाग से कमलजीत कौर, इंडियन गैस एजेंसी के मैनेजर रामबाबू, ग्राम विकास अधिकारी जसवीर सिंह, अजय राणा, सुशील द्विवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री के विरुद्ध प्रदर्शन करना भारी पड़ा

## सिटी मजिस्ट्रेट ने पुलिस को दिए खनन कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

हल्द्वानी। एसडीएम कोर्ट परिसर में बिना अनुमति लिए धरना प्रदर्शन करने और मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी करने पर एक्शन लेते हुए प्रशासन ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर और पुलिस क्षेत्राधिकारी को पत्र लिखकर प्रदर्शन करने वाले खनन कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह की ओर से भेजे गए पत्र में कहा गया कि गौला खनन संघर्ष समिति ने बिना किसी पूर्व अनुमति या सूचना के आंदोलन रैली निकालते हुए एसडीएम कोर्ट परिसर में धरना-प्रदर्शन कर अराजकता की। रैली में राजेंद्र बिष्ट व रमेश जोशी नामक व्यक्तियों के साथ लगभग 60- 70 लोग थे। इन व्यक्तियों



ने एसडीएम कोर्ट परिसर में मुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी भी की। जबकि धरना प्रदर्शन किये जाने हेतु पूर्व से ही बुद्धपार्क चयनित किया गया है। प्रकरण में बिना अनुमति के बुद्धपार्क से एसडीएम कोर्ट परिसर तक रैली निकाले जाने, परिसर में धरना प्रदर्शन करने और मुख्यमंत्री के खिलापफ आपत्तिजनक नारेबाजी करने आदि की जांच कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाए। पुलिस ने सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।